卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 154 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦11 मार्च 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

## हटाई जाएगी राममनोहर लोहिया मार्केट

### प्रशासन ने किया चिन्हीकरण,व्यापारियों का दुकानें बंद करने का ऐलान

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। जी-20 की तैयारियों के लिए चलाये जा रहे अतिक्रमण विरोधी अभियान में रूद्रपुर की दशकों पुरानी राम मनोहर लोहिया मार्केट का अस्तित्व समाप्त होने जा रहा है। रोडवेज के सामने गांधी पार्क से सटी इस मार्केट की करीब 70 दुकानों को हटाने के लिए एनएच ने चिन्हीकरण कर लिया गया है और दुकानदारों को 13 मार्च तक दुकानें हटाने का फरमान सुनाया है। हालाकि प्रशासन प्रभावित दुकानदारों को मुआवजा देने की बात कर रहा है लेकिन मुआवजा कितना होगा यह अभी तय नहीं है। इस सिलसिले में शनिवार को विध



ायक और प्रशासन के साथ व्यापारियों की बैठक भी हुयी। व्यापारियों ने मुआवजा और अन्यत्र नहीं बसाये जाने पर अनिश्चित कालीन दुकानें बंद करने का ऐलान किया है। बता दें जी-20 सम्मेलन की पहली बैठक 26 से 28 मार्च को रामनगर में होने जा रही है। चूंकि इस सम्मेलन में आने वाले विदेशी मेहमानों को पंतनगर से सड़क मार्ग द्वारा रामनगर पहुंचना है। इसलिए पंतनगर से रामनगर तक यातायात के रूट को दुरूस्त करने के लिए प्रशासन युद्ध स्तर पर अभियान चला रहा है। सड़कों को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए बीते दिवस प्रशासन ने हाईवे पर स्थित सैकड़ों खोखा फड़ों पर जेसीबी चलाई थी। अब दोनों ओर 100 फिट के दायरे में आ रही दुकानों को भी हटाने की तैयारी शुरू हो गयी है। इसके लिए एनएच की टीम ने शनिवार को रोडवेज के सामने गांधी पार्क से हटी राम मनोहर लोहिया मार्केट की दुकानों का चिन्हीकरण (शेष पृष्ठ सात पर)

## बाइक और डंपर की भिड़ंत में युवक की मौत,दूसरा गंभीर


देहरादून(उद ब्यूरो)। रानीपोखरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत थानों के मीडावाला मोड़ पर एक बाइक अनियंत्रित होकर विपरीत दिशा से आ रहे एक डंपर में टकरा गई।



जिसमें बाइक सवार की मौत हो गई और एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, देर शाम एक डंपर ट्रक संख्या यूके 07 सीबी 4069 थानों से भानियावाला की ओर आ रहा था और एवेंजर बाइक संख्या यूके 07एफई3086 भानिया वाला से थानों की ओर जा रहे थे।जैसे ही बाइक सवार मीडावाला के समीप पहुंची, उनकी बाइक अनियंत्रित होकर जबरदस्त तरीके से डंपर में टकरा गई, जिससे बाइक(शेष पृष्ठ सात पर)

## ट्रेन की चपेट में आने से मजदूर की मौत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। रेलवे लाईन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से एक मजदूर की मौत हो गयी। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर



पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक सेंचुरी पेपर मिल में मजदूरी करता था। जानकारी के अनुसार गोलगेट नगला निवासी 47 वर्षीय शंभु यादव पुत्र हरी यादव देर शाम जानवरों के लिए चारा लेने खेत में गया हुआ था। चारा लेकर जैसे ही वह पटरी पार करने लगा तभी बरेली से लालकुआं की ओर आ रही ट्रेन लालकुआं एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन की चपेट में आ गया। जिसमें शंभू की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पायलट ने स्टेशन मास्टर को दी। जिसके बाद घटना की जानकारी पुलिस और आरपीएफ को दी गई। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत की खबर के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। बताया जा रहा है कि शंभू सेंचुरी पेपर मिल में ठेकेदारी में काम करता था।

## समय सीमा में पूर्ण करें सैन्य धाम के काम:जोशी

### सैनिक कल्याण मंत्री ने किया सैन्यधाम के निर्माण कार्यों का निरीक्षण

देहरादून(उद संवाददाता)। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने देहरादून के गुनियाल गांव पहुंचकर सैन्यधाम के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यदायी संस्था व मौके पर मौजूद अधिकारियों से निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली। तेज गति से चल रहे निर्माण कार्य को देख वह संतुष्ट नजर आए। मंत्री जोशी ने कहा कि देश के विभिन्न स्मारकों का अध्ययन करने के बाद सैन्यधाम का निर्माण किया जा रहा है। सैन्यधाम में आइएनएस विक्रांत का एक माडल भी स्थापित किया जाएगा।



सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने बताया कि सैन्यधाम का निर्माण कार्य लगभग 40 प्रतिशत पूरा हो चुका है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य को तय समय सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए। निर्माण कार्यों में इस्तेमाल हो रही सामग्री में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की परिकल्पना के अनुसार उत्तराखंड में सैन्यधाम का निर्माण हो रहा है। कहा कि यह मेरा ड्रीम प्रोजेक्ट है और प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की भी सैन्यधाम के निर्माण में विशेष रुचि है। सीएम भी लगातार(शेष पृष्ठ सात पर)

## घर से ट्यूशन के लिए निकली किशोरी लापता

काशीपुर(उद संवाददाता)। घर से ट्यूशन के लिए निकली किशोरी बेहद संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की प्राथमिकी दर्ज कर किशोरी का पता लगाना शुरू कर दिया है। पुलिस को तहरीर देकर कोतवाली थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि बीते 9 मार्च को उसकी 15 वर्षीय पुत्री घर से ट्यूशन के लिए निकली लेकिन वापस घर नहीं लौटी। इस दौरान परिजनों ने तमाम संभावित स्थानों पर तलाश के बाद मामले की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने प्रकरण (शेष पृष्ठ सात पर)

## महिला की मौत के मामले में पति के खिलाफ केस

रूद्रपुर। मेट्रोपोलिस कालोनी में होली के दिन छत से गिरकर महिला की मौत के मामले में पुलिस ने मृतका के भाई की तहरीर के आधार पर आरोपी पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। बता दें विगत 8 मार्च को मेट्रोपोलिस डीटीपीएल टावर के फ्लैट नंबर 411 में माधुरी सिंह पत्नी शैलेन्द्र कुमार सिंह की संदिग्ध हालातों में छत से गिरकर मौत हो गयी थी। मामले में मृतका के भाई चट्टान सिंह पुत्र मैनेजर सिंह निवासी मोहल्ला संचरही थाना नवाबगंज जिला गोण्डा उत्तर प्रदेश ने पुलिस को तहरीर(शेष पृष्ठ सात पर)

## निवेशकों के करोड़ों समेट फरार ग्लोबल इंडिया सर्विस संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। लोगों का जमा करोड़ों रूपया समेटकर फरार हुए ग्लोबल इंडिया सर्विस के संचालक के खिलाफ धोखाधड़ी के कई मामले दर्ज कराये गये है। दर्ज रिपोर्ट में पीड़ितों द्वारा कहा गया है कि हरियाणा निवासी धर्मेन्द्र उर्फ अमित मलिक पुत्र मुक्ता सिंह ने आवास विकास रिंग रोड़ पर ग्लोबल इंडिया सर्विस नाम से कार्यालय खोला। जिसका वह पेम्पलेट व इंटरनेट नेटवर्किंग के द्वारा प्रचार करने लगा। पीड़ितों का कहना है कि जिसके बाद कार्यालय में सम्पर्क करने पर अमित ने बताया कि विज्ञापन का काम करना है। और वे लोग अपने साथ अन्य लोगों को जोड़कर उनासे भी विज्ञापन का कार्य करायेंगे। इसके लिए उन्हें फ्रेंचाइजी लेनी पड़ेगी। जिसमें उन्हें 29500 रूपये और तीन माह बाद फ्रेंचाइजी की धनराशि 50 हजार रूपये और पांच माह बाद एक लाख रूपये बतौर सिक्योरिटी जमा करनी होगी। जिसे एक साल बाद वापस कर दिया जायेगा। पीड़ितों ने रपट में कहा है कि प्रति व्यक्ति आईडी लेने के लिए 9540 रूपये भी मांगे गये। बताया कि एक दिन में केवल 200 मैसेज के लिंक को आगे बढ़ाना होगा। और 4 हजार रूपये प्रति माह मिलेंगे। जो 24 माह तक मिलते रहेंगे। उसपर विश्वास करके आईडी खरीदनी शुरू की। साथ ही कई लोगों को अपने साथ जोड़ना शुरू किया। धीरे धीरे सैकड़ों लोग ग्लोबल इंडिया सर्विस से जुड़ गये। आरोप है कि इस दौरान अमित ने लोगों से आधार कार्ड लेने के साथ ही मोबाईल नम्बर लिखवाकर खाली रजिस्टर पर रसीदी टिकट लगाकर हस्ताक्षर व अंगूठा भी लगवाया। जिसके बाद अमित लोगों का जमा करोड़ों रूपया व आवश्यक कागजात लेकर फरार हो गया। दर्ज रपट में शिखा माहेश्वरी ने 7 लाख, सपना कक्कड़ ने 1116400 रूपये, कृतिमा ने 4 लाख, अंजली प्रजापति ने 5.30 लाख, चन्द्रप्रकाश शर्मा ने 10.45 लाख, गोविन्द (शेष पृष्ठ सात पर)

## नगर निगम में भ्रष्टाचार के खिलाफ अनशन का ऐलान

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। नगर निगम में अनियमितताओं एवं टेंडर प्रक्रिया में मनमानी के खिलाफ कांग्रेसजनों ने 20 मार्च से अनिश्चित कालीन अनशन का ऐलान



किया है। इसको लेकर कांग्रेसियों ने शनिवार को सीडीओ एवं मुख्य नगर आयुक्त विशाल मिश्रा को ज्ञापन भी सौंपा। कार्यवाहक महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा एवं पार्षद मोहन खेड़ा के नेतृत्व में सीडीओ को ज्ञापन देने पहुंचे कांग्रेसियों ने आरोप लगाया कि नगर निगम बोर्ड द्वारा पारित प्रस्तावों को पूल के जरिये टेन्डर वितरण कर अपने चहेते ठेकेदारो और भाजपा समर्थित ठेकेदारों को कार्य दिया जा रहा है। (शेष पृष्ठ सात पर)

## पुलिस ने पकड़ी अवैध शराब भट्टी,एक गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)। जगतपुर के जंगल में कच्ची शराब के अवैध ठिकाने पर दबिश देकर पुलिस ने मौके से बड़ी तादाद में लहन नष्ट करते हुए एक कारोबारी को गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे से 60 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद किया। कार्यवाही के दौरान पुलिस ने मौके से शराब बनाने के उपकरण भी कब्जे में लिए। आवश्यक पूछताछ के बाद पकड़े गए शराब कारोबारी का पुलिस द्वारा आबकारी अधिनियम के अंतर्गत चालान कर दिया गया। कार्यवाही के बारे में पता चला है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कच्ची शराब की कसीदगी एवं बिक्री को लेकर जिले भर में चलाए गए अभियान के क्रम में कोतवाली पुलिस जराएम कारोबारियों की टोह ले रही थी इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि जगतपुर के जंगल में कच्ची शराब के कुछ कारोबारी बड़ी तादाद में शराब बनाने का काम कर रहे हैं। इसी सूचना पर हरकत में आई पुलिस टीम ने शराब के गैरकानूनी ठिकाने पर छापा मार कार्यवाही करते हुए भारी तादाद में लहन नष्ट(शेष पृष्ठ सात पर)

## एसपी सिटी ने किया कोतवाली का निरीक्षण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एसपी सिटी मनोज कत्याल ने शनिवार को कोतवाली का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी और मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान एसपी सिटी ने कोतवाली के कंप्यूटर कक्ष, मालखाना, हवालात व थाना परिसर व बैरिक का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने थाना परिसर में साफ- सफाई का भी अवलोकन किया। उन्होंने कोतवाल विक्रम राठौर से थाने के विभिन्न मामलों के बारे में जानकारी ली। एसपी ने डायरी को



अद्यतन करने तथा अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस गश्त तेज करने का निर्देश भी दिए। निरीक्षक के बाद एसपी सिटी ने कोतवाल विक्रम राठौर समेत सभी चौकी प्रभारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने लंबित प्रार्थना और विवेचनाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण के लिए सख्ती से कार्रवाई करें। उन्होंने न्यायालय से जुड़े मामलों के त्वरित निस्तारण करने का आदेश दिया। इस दौरान एसएसआइ कमाल हसन, एसएसआइ द्वितीय (शेष पृष्ठ सात पर)

## डांस एकेडमी में किशोरी से छेड़छाड

काशीपुर(उद संवाददाता)। कटोराताल पुलिस चौकी क्षेत्र स्थित एक डांस एकेडमी में किशोरी के साथ छेड़छाड़ का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी को नामजद करते हुए उसकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर कोतवाली थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी नाबालिग पुत्री बीते 10 मार्च को कटोरा ताल पुलिस चौकी क्षेत्र स्थित एक डांस एकेडमी में गई (शेष पृष्ठ सात पर)

# तीन पुलिस कर्मियों पर गिरी गाज

## मंडलायुक्त ने शासन को भेजी पथराव और लाठीचार्ज की जांच रिपोर्ट

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड बेरोजगार संगठन के आह्वान पर नौ फरवरी को गांधी पार्क और घंटाघर की सड़कों पर भारी संख्या में पहुंचे युवाओं द्वारा किये जा रहे धरना प्रदर्शन के दौरान हुई पत्थरबाजी और लाठीचार्ज के मामले की जांच रिपोर्ट मिलने के बाद शासन ने सख्त कार्यवाही करते हुए तीन पुलिस कर्मियों पर कार्यवाई के आदेश दिये। मामले में एलआइयू इंस्पेक्टर, शहर कोतवाली के एसएसआइ और धारा चौकी प्रभारी पर गाज गिर गई है। एलआइयू इंस्पेक्टर लक्ष्मण नेगी को पुलिस मुख्यालय संबद्ध कर दिया गया है जबकि एसएसआइ शहर कोतवाली प्रमोद शाह को तबादला मसूरी और धारा चौकी प्रभारी विवेक राठी को चकराता थाने भेजा गया है। दूसरी ओर पुलिस महानिदेशक ने मामले की जांच आइजी हेडक्वाटर विम्मी सचदेवा को सौंप दी है। आठ फरवरी की रात को गांधी पार्क एवं नौ फरवरी को दिन में घंटाघर क्षेत्र के आसपास उत्तराखंड बेरोजगार संघ के सदस्यों सहित कई भारी संख्या में युवाओ ने प्रदर्शन किया था। इस दौरान जमकर उपद्रव हुआ था। पुलिस ने शांति व्यवस्था बनाने के लिए लाठीचार्ज



किया, जिसके चलते कुछ पुलिसकर्मी व युवक घायल भी हुए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मामले की निष्पक्ष जांच के निर्देश आयुक्त गढ़वाल मंडल सुशील कुमार को सौंपी थी। शासन को भेजी रिपोर्ट में गढ़वाल आयुक्त ने प्रदर्शन के दौरान किए गए बल प्रयोग को कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए उचित ठहराया। वहीं प्रकरण की विस्तृत व तथ्यात्मक जांच पुलिस के किसी वरिष्ठ अधिकारी से कराने की भी सिफारिश की। जांच रिपोर्ट में उन्होंने एलआइयू इंस्पेक्टर, एसएसआइ कोतवाली और चौकी प्रभारी को अन्यंत्र स्थानांतरित करने की बात भी कही थी। शुक्रवार को अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार को आयुक्त गढ़वाल मंडल की जांच रिपोर्ट भेजी और लापरवाह पाए गए पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा। डीजीपी ने एसएसपी दलीप सिंह कुंवर व अभिसूचना विभाग को पत्र भेजकर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। देर शाम को एसएसपी ने एसएसआइ प्रमोद शाह और चौकी इंचार्ज विवेक राठी का ट्रांसफर कर दिया। वहीं, अभिसूचना विभाग की ओर से एलआइयू इंस्पेक्टर को पुलिस मुख्यालय संबद्ध कर दिया। शासन की ओर से पुलिसकर्मियों को अन्यंत्र स्थानांतरित करने के आदेश के बाद पुलिस विभाग ने भी कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार ने आइजी हेडक्वार्टर विम्मी सचदेवा को मामले की जांच सौंप दी है। जिला स्तर से भी मामले की जांच की जा रही है।

# लाठीचार्ज की जांच रिपोर्ट पूर्णतः हास्यास्पद : हरदा

देहरादून। उत्तराखंड में भर्ती परीक्षाओं में हो रही धांधली की उच्चस्तरीयजांच की मांग को लेकर आंदोलित बेरोजगार संगठन के युवाओं पर लाठीचार्ज की जांच रिपोर्ट को लेकर पूर्व सीएम व वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरीश रावत ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। सोशल मीडिया पर साझा किये गये एक संदेश में उन्होंने कहा है कि पुलिस लाठी चार्ज और उसके पहले और बाद में घटित घटनाओं को लेकर



जांच अधिकारी की रिपोर्ट पूर्णतः हास्यास्पद है। जांच के आधार पर एसएसआई से लेकर के एलआईयू के छोटे अधिकारियों को स्थानांतरित करने की अनुशंसा की गई है अर्थात उन्हें घटनाक्रम के लिए किसी न किसी रूप में दोषी माना गया है! यदि इस जांच रिपोर्ट और उसके निष्कर्ष का तथ्यात्मक विश्लेषण किया जाए तो एक बात सुनिश्चित तौर पर कही जा सकती है कि पहले दिन, रात और दूसरे दिन भर की अराजकता के लिए कुछ ही लोग बहुत नीचे स्तर के अधिकारी ही जिम्मेदार थे अर्थात इन अधिकारियों ने अपने वरिष्ठ अधिकारियों से या तो कोई निर्देश लिया नहीं या उनके निर्देश की पूर्णतः अवहेलना की, तो इससे जाने-अनजाने में जांच अधिकारी ने यह इंगित कर दिया है कि पहले दिन की रात और दूसरे दिन, राज्य का पुलिस तंत्र पूरी तरीके से निष्प्रभावी था। कुछ छोटे अधिकारियों को इंगित करने और उनके लिए कुछ दंड सुझाने का अर्थ यह है कि उन्होंने सारे निर्णय उस 2 दिन केवल अपने स्तर से लिए और वरिष्ठ अधिकारी या तो उस दिन कहीं और अंतरिक्ष में विचलन कर रहे थे या पूर्णतः निष्क्रिय थे या सुषुप्त अवस्था में थे।

# राज्य कनिष्ठ अभियंता सेवा परीक्षा रद्द

## अप्रैल में होगी परीक्षा, पुराने अभ्यर्थियों को उच्च आयु सीमा में मिलेगी छूट

देहरादून। पेपर लीक प्रकरण के बाद आखिरकार उत्तराखंड लोक सेवा आयोग ने सम्मिलित राज्य कनिष्ठ अभियंता सेवा परीक्षा-2021 को रद्द कर दिया है। अब इस भर्ती के लिए नए सिरे से विज्ञापन अप्रैल में जारी होगा, जिसमें इंटरव्यू नहीं होंगे। वहीं, पुरानी भर्ती के अभ्यर्थियों को नई भर्ती में आवेदन शुल्क में छूट के साथ ही अधिकतम आयु सीमा में छूट देने का प्रस्ताव है। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग ने 25 नवंबर 2021 को 776 पदों के लिए जेई भर्ती परीक्षा का विज्ञापन जारी किया था, जिसके लिए 26 नवंबर से 17 दिसंबर तक ऑनलाइन आवेदन हुए थे। 7 से 10 मई 2022 के बीच इस भर्ती की लिखित परीक्षा हुई थी। इसमें करीब 31 हजार अभ्यर्थी शामिल हुए थे। इसका परिणाम 31 अगस्त 2022 को जारी किया गया था। इसके बाद आयोग ने इंटरव्यू शुरू कर दिए थे, कृषि और मैकेनिकल के पदों पर इंटरव्यू हो भी चुके थे। इस बीच इस साल 8 जनवरी को राज्य लोक सेवा आयोग की पटवारी-लेखपाल भर्ती का पेपर लीक हो गया। इस परीक्षा को आयोग ने तत्काल रद्द कर दिया था। पेपर लीक में पकड़े गए आयोग के अनुभाग अधिकारी संजीव चतुर्वेदी ने जेई भर्ती परीक्षा के पेपर लीक की भी जानकारी दी थी। मामले में एसआईटी ने जांच शुरू की। जांच के बाद पुलिस ने पेपर लीक में शामिल अभ्यर्थियों की सूची आयोग को उपलब्ध कराई। बीती 10 फरवरी को आयोग ने इस सूची को वेबसाइट पर जारी किया था, जिसमें पटवारी लेखपाल भर्ती के 44 और जेई भर्ती के 12 अभ्यर्थी शामिल थे। इसके बाद तीन मार्च को पुलिस से मिली एक और सूची में 49 अभ्यर्थियों के नाम जारी किए गए थे, जो कि जेई भर्ती के पेपर लीक के आरोपी थे। आयोग ने इन्हें भी कारण बताओ नोटिस जारी कर दिए थे। शुक्रवार को आयोग ने इस परीक्षा को रद्द कर दिया। आयोग के प्रभारी सचिव अवधेश कुमार सिंह की ओर से जारी सूचना के मुताबिक, आयोग अब अप्रैल के दूसरे सप्ताह में सम्मिलित राज्य कनिष्ठ अभियंता सेवा परीक्षा का नया विज्ञापन जारी करेगा। चूंकि राज्य सरकार अब इस पद पर इंटरव्यू की व्यवस्था को खत्म कर चुकी है, लिहाजा दोबारा भर्ती में अब केवल लिखित परीक्षा ही होगी। इस भर्ती की परीक्षा अगस्त के अंतिम सप्ताह में कराने की योजना है। राज्य लोक सेवा आयोग ने नए विज्ञापन के तहत आवेदन करने वाले पुराने अभ्यर्थियों को आवेदन शुल्क में छूट व अधिकतम आयु सीमा में राहत का प्रस्ताव पास कर शासन को भेज दिया है। अब शासन को ही इस पर कोई निर्णय लेना है।

# अघोषित बिजली कटौती से राहत दिलाएगी रिंग मेन योजना

रुद्रपुर। जिले में अघोषित बिजली कटौती की समस्या को देखते हुए ऊर्जा निगम अब देहरादून की तर्ज पर रिंग मेन योजना शुरू करने जा रहा है। इसके तहत बिजली घरों को एक-दूसरे से जोड़ा जाएगा। यदि किसी क्षेत्र में अघोषित बिजली कटौती होती है तो उस क्षेत्र को दूसरे बिजली घर से बिजली की आपूर्ति की जाएगी। इससे लोगों को बार-बार होने वाली अघोषित कटौती की समस्या से मुक्ति मिलेगी। जिले में योजना की शुरुआत रुद्रपुर से हो सकती है। ऊधमसिंह नगर में भीषण गर्मी में वाली अघोषित बिजली कटौती आम बात है। कई बिजली के फॉल्ट, ट्रिपिंग, लॉपिंग-चापिंग के साथ ही उत्पादन कम होने से कई बार बगैर पूर्व सूचना के बिजली कटौती कर दी जाती है। इस समस्या को देखते हुए ऊर्जा निगम जिले में भी रिवैंप डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) के तहत रिंग मेन योजना शुरू करने जा रहा है। अप्रैल में इसका प्रस्ताव तैयार किया जाएगा। इसको लेकर स्थानीय विधायक शिव अरोरा भी ऊर्जा निगम के अधिकारियों को निर्देश दे चुके हैं। अधीक्षण अभियंता शेखर त्रिपाठी ने बताया कि रिंग मेन योजना के तहत 33 किलोवाट के बिजली घरों को आपस में जोड़ा जाएगा। इससे एक जगह पर फॉल्ट या अन्य समस्या होने पर बिजली आपूर्ति बाधित होने पर उपभोक्ताओं को दूसरे बिजली घर से बिजली उपलब्ध कराई जाएगी। रिंग मेन योजना वर्तमान में राज्य के देहरादून जिले में सफलतापूर्वक संचालित हो रही है। देहरादून की तरह ऊधमसिंह नगर में भी इस योजना को शुरू करने का प्रस्ताव मंजूर होने के बाद बजट की मांग की जाएगी।

# आयुष्मान कार्ड पर मरीजों के इलाज में निजी अस्पताल का फर्जीवाड़ा

## चार साल में 58 निजी अस्पतालों पर हुई कार्रवाई

देहरादून। आयुष्मान कार्ड पर मरीजों के इलाज में एक निजी अस्पताल का फर्जीवाड़ा पकड़ा गया है। अस्पताल ने मरीजों के इलाज में जिस डॉक्टर का नाम ओडी, क्लीनिकल और डिस्चार्ज समरी में दर्शाया है। वे अस्पताल में सेवाएं ही नहीं देते हैं। अस्पताल प्रबंधन ने 243 मरीजों का इलाज करने पर 50 लाख रुपये का क्लेम किया है।राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण के ऑडिट में यह खुलासा हुआ है। प्राधिकरण ने अस्पताल को कारण बताओ नोटिस जारी कर पांच दिन में जवाब मांगा है। आयुष्मान योजना में कार्ड धारक मरीजों का निशुल्क इलाज करने के लिए सूचीबद्ध कालिंदी हॉस्पिटल एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट चकराता रोड विकासनगर है। अस्पताल ने आयुष्मान कार्ड पर 243 मरीजों का इलाज दर्शाकर 50 लाख का क्लेम किया। इसमें 173 यूरोलॉजी, 48 जनरल मेडिसिन, 22 जनरल सर्जरी के मामले थे। मरीजों के इलाज में अस्पताल ने क्लेम बिल में डॉ. एचएस रावत दर्शाया।मरीजों के ओटी, क्लीनिकल और डिस्चार्ज समरी में डॉ. रावत के हस्ताक्षर किए गए।राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण की ऑडिट जांच में पाया गया कि डॉ. एचएच रावत ने मरीजों का इलाज ही नहीं किया। उनका सेलाकुई में मेडीकेयर हॉस्पिटल चल रहा है। डॉ. रावत ने प्राधिकरण को लिखित में जवाब दिया कि कालिंदी हास्पिटल में किसी भी मरीज का इलाज नहीं किया गया और न ही वे अस्पताल में सेवाएं देते हैं। मरीजों के इलाज से संबंधित किसी भी मेडिकल दस्तावेज पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं। इस फर्जीवाड़े पर राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण के अपर निदेशक प्रशासन अतुल जोशी ने अस्पताल प्रबंधन को नोटिस जारी कर पांच दिन में जवाब मांगा है। इसके बाद प्राधिकरण की ओर से अस्पताल को योजना से बाहर करने की कार्रवाई की जाएगी। आयुष्मान योजना में फर्जीवाड़ा करने वाले अस्पतालों पर सरकार और राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण ने कार्रवाई की है। चार साल में 58 निजी अस्पतालों पर कार्रवाई की गई। इसमें प्राधिकरण ने 110 करोड़ की वसूली की। साथ ही 4.5 करोड़ का जुर्माना लगाया गया।

# नंदा-गौरा योजना में फर्जीवाड़े पर मंत्री ने दिये एफआईआर दर्ज करने के निर्देश

देहरादून(उद संवाददाता)। हरिद्वार जिले में नंदा-गौरा योजना में लाभार्थियों के चयन में फर्जीवाड़े के मामले में महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने विभागीय सचिव को पत्र लिखकर इस मामले में पुलिस में एफआइआर दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। इस प्रकरण में 193 आवेदनों के आय प्रमाण पत्रों में छेड़छाड़ की प्रारंभिक जांच में पुष्टि हुई थी। मंत्री ने कहा कि नंदा-गौरा योजना सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं में है। इसमें शुचिता बनाए रखने के लिए आवश्यक है कि गलत तरीके से लाभ प्राप्त करने वाले अपात्र लाभार्थियों के अभिभावकों के साथ ही इस प्रकरण में संलिप्त अधिकारियों, कर्मचारियों को कड़ा दंड मिले, ताकि भविष्य में कोई इस प्रकार की हरकत न कर सके। चालू वित्तीय वर्ष में हरिद्वार जिले में नंदा-गौरा योजना के तहत जन्म का लाभ प्राप्त करने वाले 1327 आवेदकों में से 70 आवेदन



और 12वीं उत्तीर्ण के आधार पर किए गए 4174 आवेदनों में से 123 आवेदन में लगे आय प्रमाण पत्रों में छेड़छाड़ हुई थी। जांच में इसकी पुष्टि होने के बाद हरिद्वार के मुख्य विकास अधिकारी ने ये 193 आवेदन निरस्त कर दिए थे। तब यह मामला संज्ञान में आने के बाद विभागीय मंत्री विभागीय अधिकारियों को प्रकरण की गहनता से पड़ताल कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए थे। मंत्री आर्या ने अब विभागीय सचिव को इस मामले मेंपत्र भेजा है। उन्होंने कहा है कि गलत तरीके से आय प्रमाण पत्र में छेड़छाड़ कर इतनी बड़ी संख्या में अपात्रों का पाया जाना और किसी अपात्र द्वारा पात्र का हक छीनकर लाभ प्राप्त करना गंभीर और खेदजनक स्थिति है। इसे हर हाल में रोका जाना आवश्यक है, ताकि जनमानस में यह स्पष्ट संदेश जाए कि अनुचित कार्रवाई में संलिप्त किसी भी व्यक्ति, अधिकारी, कर्मचारी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने को सरकार प्रतिबद्ध है। कैबिनेट मंत्री आर्या ने हरिद्वार की घटना के आलोक में अब सभी जिलों में नंदा-गौरा योजना के लाभार्थियों के अभिलेखों की जांच कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं।

ANANT GRAPHICS
All Kinds of Printing Solution...
Price | Time | Quality
We Deals In
Pamphlets | Business Cards | Posters Stickers | Letterheads | ID Cards | Perfect Binding | Catalogues
Cold Lamination | Brochures | Die-Cutting | Thermal Lamination | Labels | Eco Vinyl Printing
More information call us 98377 77818
Add:- Uttaranchal Darpan Campus, Shyam Talkies Road, 26 Kalyani View, Rudrapur
E-mail : anantgraphics.rdr@gmail.com

अरोरा डेन्टल केयर
Dental Facilities / सुविधायें
डेंटल इंप्लान्ट की सुविधा आसान किस्तों में उपलब्ध
• दांतों की नसों का इलाज / RCT
• फिक्स दांत लगाना / Crown, Bridge & Dental Implant
• नकली दांतो का जबड़ा लगाना / Complete Denture
• टेढ़े-मेढ़े दांतों को सीधा करना / Ortho Treatment
• दांतों के रंग की फिलिंग / Composite Filling
• सफाई द्वारा पायरिया का इलाज / Ultrasonic Scaling
डा. गगनदीप गुम्बर B.D.S., PGDHA (Oral Implantologist) M.9837081085
डा. अमनप्रीत सिंह अरोरा B.D.S., (Dental Surgeon) M.9997327642
(15 साल का अनुभव)
1. J.K. Tower, Near Navrang Sweets, Janta Inter Collage Road, Rudrapur
Opp.Prabal Enclave,Near ICON School,SidculBigwara Road (Rudrapur) Mo-9837081085 , 9997327642

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

# धूमधाम से निकली भव्य कलश यात्रा

## श्री अद्वैत स्वरुप आश्रम में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ प्रारम्भ

गदरपुर(उद संवाददाता)। गूलरभोज रोड़, रेड रोज कान्वेन्ट स्कूल निकट स्थित श्री अद्वैत स्वरुप अंनत आश्रम में सात दिवसीय श्रीम्द भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ का शुभारम्भ हुआ। यात्रा गूलरभोज रोड स्थित पुरातन श्री शिव मंदिर में महिलाओं द्वारा भजन कीर्तन किया गया और पंडित जी द्वारा पूजा अर्चना की गयी। इसके उपरान्त 51 कलशों के साथ कलश यात्रा महाराज जी की असीम अनुकम्पा एवं कृपा से परम श्रद्धेय सन्त प्रकाशपुरी जी महाराज, परम श्रद्धेय सन्त बाबा अगम पुरी जी महाराज (कुरुक्षेत्र) जी के ममतामयी सानिध्य एंव आशीर्वाद से से दोपहर 1 बजे तक परम स्नेही सन्त बाबा अगमपुरी जी महाराज द्वारा प्रवचन किया जाएगा। उसके उपरान्त विशाल भंडारा होगा। श्री बजाज ने नगर व क्षेत्र के लोगों से इस ज्ञान केवल सुखीजा, दर्शल लाल ठुकराल, सुन्दर कुमार, धर्मवीर बजाज, मनीष ठुकराल, चन्नू कम्बोज, गुंजन मुरादिया, दिनेश चोटानी, वीरेन्द्र घुग्घर, गुलशन शर्मा, सीमा सुखीजा,





इससे पूर्व नगर में विशाल कलश यात्रा निकाली गयी। ज्ञान महायज्ञ 18 मार्च तक चलेगा। शनिवार को श्री अद्वैत स्वरुप आश्रम में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् कथा महायज्ञ से पूर्व सन्त ध्यानपुरी जी के नेतृत्व में विशाल कलश यात्रा निकाली गयी। कलश प्रारम्भ हुई जो ढोल नगाड़ों के साथ गूलरभोज रोड से होते हुए श्री अद्वैत आश्रम पर समाप्त हुई। यहां पर पूजा अर्चना के बाद कलशों को स्थापित किया गया। इस दौरान कमेटी अध्यक्ष अशोक बजाज ने बताया कि श्री सदगुरु देव भगवान, श्री स्वामी जी श्री अद्वैत स्वरुप अनन्त आश्रम में श्रीमद भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। 12 मार्च से प्रतिदिन सायं 3 बजे से सायं 6 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा होगी। 18 मार्च को प्रात 10 बजे कथा का समापन होगा। इसके उपरान्त 11 बजे महायज्ञ में पहुंचकर अपने जीवन को सफल बनायें। इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक अरविन्द पांडेय, किशन लाल, वेद प्रकाश बठला, सोमनाथ बठला, सुशील बजाज, विजय कुमार शर्मा, पंकज सेतिया, रोहत सुदामा, हंसराज ग्रोवर, राकेश कुमार सुखीजा, कंचन सुखीजा, ममता ठुकराल, सीमा ठुकराल, सरोज भुसरी, मन्नी बजाज, विशु अरोरा, गोल्डी, नैना, सोनिया गुम्बर, रेखा रानी, रेखा बजाज, सन्नी गाबा, श्वेता तनेजा, सिमरन गाबा, मीना मुंजाल, शिखा चोटानी, उषा रानी, सहित काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे।

## छह महीने तक शिक्षकों की हड़ताल पर लगी रोक

देहरादून। प्रदेश में 16 मार्च से उत्तराखंड बोर्ड की 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं शुरू हो रही हैं। जिसे देखते हुए शासन ने छह महीने तक शिक्षकों और कर्मचारियों की हड़ताल पर रोक लगाई है। शिक्षा महानिदेशक बंशीधर तिवारी के मुताबिक शासन की ओर से आदेश जारी किए गए हैं। शिक्षा महानिदेशक ने कहा कि विभाग बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी में जुटा है। राज्य में बोर्ड परीक्षा की तैयारियों पर किसी तरह का व्यवधान न हो इसके लिए अतिरिक्त एहतियात बरती जा रही है। शिक्षक और विभाग से जुड़े कर्मचारियों की हड़ताल पर रोक लगाने के साथ ही परीक्षा केंद्र के आस-पास धारा 144 लागू रहेगी। शिक्षा महानिदेशक ने कहा कि बोर्ड परीक्षाओं को पारदर्शी बनाने के लिए सचल दल गठित गए हैं। इसके अलावा कई परीक्षा केंद्रों को संवेदनशील एवं अति संवेदनशील घोषित किया गया है।

## ग्रीष्मकालीन राजधानी के लिए बजट में 2500 करोड़ के प्रावधान की मांग

देहरादून। ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण के विकास के लिए बजट में 2500 करोड़ रुपये का प्रावधान करने की मांग उठाई गई है। यह मांग उठाने वाले कर्णप्रयाग विस के पूर्व विधायक सुरेंद्र सिंह नेगी हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पत्र लिखकर नौ नवंबर 2020 में तत्कालीन मुख्यमंत्री की उस घोषणा का जिक्र किया है, जिसमें गैरसैंण के भावी विकास के लिए 10 वर्षों में 25 हजार करोड़ रुपये खर्च करने की बात कही गई थी। उन्होंने कहा कि राज्य स्थापना दिवस पर ही सीएम ने गैरसैंण के विकास के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाने की भी घोषणा की थी। पत्र में नेगी ने भराडीसैंण विधानसभा में 13 मार्च से आहूत सत्र के दौरान पेश होने वाले बजट में गैरसैंण के विकास के लिए आगामी वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 2500 करोड़ रुपये की व्यवस्था करने का अनुरोध किया। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री से मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित कमेटी के स्तर पर प्रभावी कार्रवाई की अपेक्षा भी की।

जगदीश कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड, गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

MANUFACTURE DATE, EXPIRY DATE, BATCH CODE, PRINTER
AVAILABLE HERE
NEELKANTH ENTERPRISE
Near G Mart, Kashipur By Pass Road, Rudrapur Ph.: 9837071614

## दुकान में चोरों ने की सेंध मारी, सीसीटीवी में कैद

गरुड़(उद संवाददाता)। बैजनाथ पुलिस क्षेत्र के अंतर्गत टीट बाजार स्थित कांग्रेस नेता की पतंजलि सामग्री की दुकान में गुरुवार की रात एक चोर से सेंध मारी की। उसने दुकान से 20 हजार की नगदी समेत सामान पार कर लिया। शटर का ताला तोड़ने से लेकर चोरी करने तक की घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। दुकान स्वामी ने पुलिस को घटना की सूचना दे दी है। पुलिस ने भी फुटेज खंगाल लिया है। मालूम हो कि कांग्रेस नेता व बीसूका के पूर्व उपाध्यक्ष भुवन पाठक की टीट बाजार में पतंजलि सामग्री की दुकान है। गुरुवार की शाम दुकान का सेल्समैन देवेंद्र सिंह दुकान बंद कर अपने घर चला गया। शुक्रवार की सुबह जब वह दुकान खोलने पहुंचा तो शटर के ताले टूटे थे। अंदर जाकर देखा तो सामान व गल्ले में रखी 20 हजार की धनराशि भी गायब थी। उसने घटना की जानकारी दुकान स्वामी व पुलिस को दी। दुकान स्वामी इन दिनों बाहर हैं। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। सीसीटीवी फुटेज में शटर का ताला तोड़ने से लेकर सामान चोरी करने की घटना उसमें कैद है। सेल्समैन ने बताया कि गल्ले में बिक्री की 20 हजार की धनराशि भी रखी थी। उसे भी चोर उड़ा ले गए। पुलिस ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज खंगाल लिए हैं।वही पुलिस चोरी करने वाले आरोपी को पकड़ने में जुट गई है, जल्द पुलिस आरोपी को पकड़ लेगी।

## केमू की बस में आग से मची अफरा तफरी

रानीखेत(उद संवाददाता)। कुमाऊं मोटर ऑनर्स यूनियन लिमिटेड (केमू) की बस में अचानक आग लग गई जिससे देखते ही देखते बस पूरी तरह से जलकर खाक हो गई। शुक्रवार शाम केमू की बस पार्किंग में खड़ी थी बस में अचानक आग की लपटों के साथ धुंआ उठता देख लोगों ने बस में लगी आग को बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग विकराल होने के चलते आग पर काबू नहीं पाया गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ी ने आग पर काबू पाया।दमकल कर्मियों के पहुंचने से पहले ही पूरी बस जलकर खाक हो चुकी थी। गनीमत रही कि आग अन्य गाड़ियों तक नहीं पहुंची नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था स्थानीय लोगों का आरोप है कि अग्निशमन के वाहन को सूचना के काफी देर बाद गाड़ी पहुंची आज किन परिस्थितियों में लगी है अभी तक इसका पता नहीं चल पाया है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक खराब हो चुकी बस असामाजिक तत्वों का अड्डा बना हुआ था उसमें असामाजिक तत्वों बैठकर नशा और जुआ खेलते थे संभवत हो सकता है कि कोई असामाजिक तत्वों ने आग लगा दी हो। मौके पर पहुंची पुलिस का कहना है कि आग की घटना की जानकारी जुटाई जा रही है अभी तक वाहन स्वामी की तरफ से किसी भी तरह की कोई तहरीर नहीं आई है तहरीर आने पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। बताया जा रहा है कि घटना के दौरान बस के आसपास कई अन्य गाड़ियां खड़ी थी जो आग लगने से बाल-बाल बच गई।

## 124 लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना की धनराशि का भुगतान

गदरपुर(उद संवाददाता)।प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के अंतर्गत नगर पालिका सीमा के 124 लाभार्थियों को ऑनलाइन भुगतान किया गया। सोमवार को पालिका कार्यालय में पालिकाध्यक्ष गुलाम गौस तथा ईओ जगदीश चंद्रा की मौजूदगी में शासन से स्वीकृत डीपीआर के सापेक्ष प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के अंतर्गत 3 लाभार्थियों को द्वितीय किस्त, 28 लाभार्थियों को तृतीय किस्त और 93 लाभार्थियों को चतुर्थ किस्त की धनराशि का ऑनलाइन भुगतान किए जाने का स्वीकृति पत्र सौंपा गया। पालिकाध्यक्ष ने बताया कि जल्द ही शेष लाभार्थियों को भी भुगतान कर दिया जाएगा। इस दौरान शिव प्रसाद गुप्ता, सीताराम सिंह, विजेंद्र कुमार ,मुकेश कुमार, नसरीन, पिंकी अशर्फी, बैतूल बेगम ,शोभा रानी एवं सुमन आदि मौजूद रहे।

## धूमधाम से मनाया जायेगा श्री राम नवमी पर्व

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री सनातन धर्म सभा द्वारा इस वर्ष भी रामनवमी पर्व धूमधाम से मनाया जायेगा। जिसके लिए तैयारियां शुरू हो गयी है। जानकारी देते हुए नरेश कुमार सेठ ने बताया कि 22 मार्च से 30 मार्च तक पंडित बाल योगेश्ववर मनोज जी महाराज राम कथा का गुणगान करेंगे। मुख्य यजमान रमेश अरोरा होंगे। 3 अप्रैल सोमवार को हवन प्रात: 8.30 बजे एवं लंगर का प्रसाद दोपहर 12 बजे बांटा जायेगा। श्री सनातन धर्म सभा के पूर्व अध्यक्ष हरि चंद मिड्डा ने सभी धर्म प्रेमी जनता से कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की है।

## जिला अस्पताल में तैयार होगा 10 बेड का आईसीयू

रुद्रपुर। रामनगर में होने जा रहे जी-20 सम्मेलन को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने भी तैयारियां शुरू कर दी हैं। अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को ध्यान में रखते हुए जिला अस्पताल में 20 बेड का आईसीयू तैयार किया जा रहा है। इसके अलावा फ्लीट के लिए दो एटीएस एंबुलेंस और हृदय रोग की जांच के लिए किच्छा मार्ग स्थित एक निजी अस्पताल संचालक से अनुरोध किया गया है।सीएमओ डॉ. मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि जी-20 सम्मेलन नैनीताल जिले के रामनगर में होने जा रहा है, लेकिन ऊधमसिंह नगर जिले से भी स्वास्थ्य विभाग की टीम पूरी तैयारी कर रही है। पंतनगर एयरपोर्ट पर दो एटीएस एंबुलेंस रहेंगी, जो अधिकारियों के काफिले की एस्कॉर्ट टीम के साथ चलेंगी। जिसमें दो डॉक्टर, एक फार्मासिस्ट, एक स्टाफ नर्स, वार्ड ब्वॉय आदि होंगे। इसके अलावा आपातकालीन स्थिति के लिए जिला अस्पताल में 10 बेड का आईसीयू तैयार किया जा रहा है। इसके अलावा सरकारी अस्पतालों में हृदयरोग विशेषज्ञ डॉक्टर न होने के कारण किच्छा मार्ग स्थित एक निजी अस्पताल में हृदय रोग की जांच की सुविधा रहेगी।

## जिला पंचायत ने चलाया स्वच्छता अभियान

रुद्रपुर। रामनगर में जी-20 सम्मेलन को लेकर ऊधमसिंह नगर जिला पंचायत ने भी स्वच्छता अभियान तेज कर दिया है। अपर मुख्य अधिकारी तेज सिंह ने बताया कि रुद्रपुर, पंतनगर के अलावा रामनगर जाने वाले सभी मार्गों को साफ किया जा रहा है। मार्गों के किनारे और आसपास की गई सफाई की रिपोर्ट प्रतिदिन जिला प्रशासन को भेजी जा रही है।

## खाई में गिरी टैक्सी, छह पर्यटक घायल

मसूरी। टैक्सी से देहरादून से मसूरी आ रहे कायमगंज, फर्रुखाबाद उत्तर प्रदेश के छह पर्यटक मसूरी देहरादून हाईवे पर भट्टा गांव और मसूरी झील के समीप, टैक्सी के अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिरने से घायल हो गए। टैक्सी ड्राइवर भी गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना की सूचना मिलने पर मसूरी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों की मदद से टैक्सी सवार घायल पर्यटकों को खाई



से निकाल कर उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया जहां उनको उपचार दिया गया। टैक्सी ड्राइवर कमाल खान को हायर सेंटर देहरादून रेफर किया गया है। घायलों में नरेश जैन पुत्र प्रेम चंद जैन, अनुभव जैन पुत्र नरेश जैन, सुधा जैन पत्नी नरेश जैन, ज्ञामव जैन पुत्र नरेश जैन, मेघा जैन पत्नी ज्ञामव जैन तथा देवांग पुत्र ज्ञामव जैन, सभी निवासी कस्बा और पोस्ट कायमगंज जिला फर्रुखाबाद उत्तर प्रदेश के निवासी हैं।

# जी-20 सम्मेलन की तैयारियों को समय पर पूरा करेंः डीएम

## यात्रा मार्ग को आवागमन हेतु स्वच्छ, सुन्दर तथा सुगम्य बनाया जाये

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त ने शुक्रवार का जी-20 सम्मेलन के सफल आयोजन हेतु चल रही तैयारियों की कैम्प कार्यालय में विस्तार से समीक्षा की। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा



कि यात्रा मार्ग को आवागमन हेतु स्वच्छ, सुन्दर तथा सुगम्य बनाया जाये। जिलाधिकारी ने एनएचएआई, विद्युत, पेयजल, अधिशासी अधिकारियों, जिला विकास प्राधिकरण, नगर निगम सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी तैयारियां समयबद्धता से पूरी करने हेतु डे-प्लान के अनुसार प्रगति रिपोर्ट व्हाट्सअप के माध्यम से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सौंपे गए दायित्वों एवं कार्यों के निर्वहन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बरदाश्त नहीं की जायेगी। जिलाधिकारी ने सौंपे गए दायित्वों एवं कार्यों का पूरी संजीदगी से निर्वहन करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। बैठक में एनएचएआई, पेयजल निगम, विद्युत, नगर निगम सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारियो ने चल रहे कार्यों के बारे में विस्ताार से जानकारी दी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, प्रशिक्षु आईएएस अनामिका, अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह, उप जिलाधिकारी प्रत्यूष सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे। वहीं जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त ने जी-20 सम्मेलन के सफल आयोजन हेतु जनपद स्तर पर नोडल तथा सहायक नोडल अधिकारी नामित किये हैं। यह जानकारी देते हुए उप जिलाधिकारी प्रत्यूष सिंह ने बताया कि समस्त विकास कार्यों हेतु मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा को नोडल अधिकारी तथा जिला पंचायतराज अधिकारी रमेश चन्द्र त्रिपाठी को सहायक नोडल अधिकारी नामित किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रशासनिक एवं कानून व्यवस्था हेतु अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह को नोडल तथा सहायक श्रम आयुक्त प्रशान्त कुमार को सहायक नोडल, जी-20 समन्वयक हेतु प्रशिक्षु आईएएस अनामिका को नोडल तथा सहायक कृषि अधिकारी अमित कुमार और खण्ड शिक्षा अधिकारी गुंजन अमरोही को सहायक नोडल, पन्तनगर एयरपोर्ट की समस्त व्यवस्थाओं हेतु निदेशक मण्डी आशीष भटगाई को नोडल तथा जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरूद्ध को सहायक नोडल अधिकारी, सूचना एवं मीडिया प्रबन्धन हेतु सहायक निदेशक मत्स्य संजय छिमवाल को नोडल तथा जिला सूचना अधिकारी अहमद नदीम व जिला आपदा प्रबन्धन अधिकारी उमा शंकर नेगी को सहायक नोडल, परिवहन व्यवस्था हेतु सम्भागीय परिवहन अधिकारी बीके सिंह को नोडल, समस्त कार्यक्रम में खान-पान व्यवस्था व खाद्य सुरक्षा हेतु जिला पूर्ति अधिकारी विपिन कुमार को नोडल अधिकारी व जिला अभिहीत अधिकारी ललित पाण्डे को सहायक नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

# सीएम धामी ने केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह से की भेंट

## 2024 तक 400 मेगावाट अतिरिक्त बिजली का कोटा उपलब्ध कराने का अनुरोध किया

नई दिल्ली/देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को नई दिल्ली में केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री श्री आर.के सिंह से भेंट कर मार्च-2023 के लिए उत्तराखण्ड राज्य को केन्द्रीय पूल से 300 मेगावाट अतिरिक्त विद्युत प्रदान किये जाने पर उनका धन्यवाद प्रकट किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यावरणीय कारणों से राज्य में निर्माणाधीन जल विद्युत परियोजनाओं के निर्माण में विलम्ब अथवा इनके न्यायालयों में विचाराधीन होने के फलस्वरूप विद्युत मांग के सापेक्ष विद्युत उपलब्धता में कमी है। मुख्यमंत्री ने उत्तराखण्ड राज्य को संभावित विद्युत संकट से मुक्त करने हेतु केन्द्रीय पूल से मार्च-2024 तक की अवधि हेतु 400 मेगावाट अतिरिक्त कोटा उपलब्ध कराये जाने का अनुरोध किया। जिस पर केंद्रीय मंत्री द्वारा सकारात्मक निर्णय का आश्वासन प्रदान किया गया।मुख्यमंत्री ने टी0एच0डी0सी0, खुर्जा के आवंटन पर पुर्नविचार किए जाने अथवा उत्तराखण्ड राज्य की ऊर्जा सुरक्षा को संबल प्रदान किये जाने के उद्देश्य से इस पावर स्टेशन की 133 मेगावाट की अनावंटित क्षमता, उत्तराखण्ड को आवंटित करने का भी अनुरोध किया। केंद्रीय ऊर्जा मंत्री ने कहा कि प्रदेश हेतु बेस लोड विद्युत गृह कोयला की उपलब्धता वाले प्रदेशों में स्थापित करने के लिए केंद्र सरकार उत्तराखण्ड को आवश्यक सहयोग प्रदान करेगी। प्रदेश की लंबित जल विद्युत परियोजनाओं पर शीघ्र ही प्रधानमंत्री कार्यालय स्तर पर बैठक आयोजित की जायेगी। बैठक में केन्द्रीय ऊर्जा मंत्रालय के अधिकारी, उत्तराखण्ड के सचिव ऊर्जा आर. मीनाक्षी सुंदरम सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



# मातृभाषा सबसे पहली प्राथमिकता में हो

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ हो गया है। मुख्य अतिथि






सोबन सिंह जीना विश्व विद्यालय के कुलपति जगत सिंह बिष्ट ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यशाला का विषय शिक्षा में मातृभाषा अवसर व चुनौतियां है। दो दिन तक चलने वाले इस कार्यक्रम में शोध पत्र भी शामिल होंगे। संयोजक डायट के प्राचार्य डॉ. शैलेंद्र धपोला ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कुलपति सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय अल्मोड़ा प्रो. जेएस बिष्ट ने कहा कि जन्म से हम जिस भाषा का प्रयोग करते हैं। वही हमारी मातृभाषा होती है। सभी संस्कार एवं व्यवहार हम इसी से पाते हैं। यह हमारी पहचान और अस्मिता से जुड़ी हुई होती है।प्रो. बिष्ट शुक्रवार को डायट पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। शिक्षा में मातृभाषा अवसर एवं चुनौतियां विषय पर देश के विभिन्न हिस्सों से यहां विषय विशेषज्ञ पहुंचे हैं। एनईपी 2020 के आलोक में यह संगोष्ठी आयोजित की गई है। प्राचार्य डा. शैलेंद्र धपोला ने विभिन्न लुप्त होती क्षेत्रीय भाषाओं पर चिंता व्यक्त की। कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 मातृभाषा को अधिक महत्व से अपने पाठ्यक्रम में समाहित करेगी।दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रो.आशुतोष कुमार ने कहा कि मातृभाषा पर बच्चे की अच्छी पकड़ होती है। वह विषयों को बेहतर समझ सकता है।मातृभाषा ही मौलिक लेखन, चिंतन या रचनात्मकता को पैदा करती है।विश्व में मौलिकता का विशेष महत्व है। उन्होंने चिंता व्यक्त की कि आज भी राजकाज और सभी प्रकार के शासकीय कार्यों की भाषा अंग्रेजी ही बनी हुई है। जबकि बार-बार विभिन्न नीतियां मातृभाषा की महत्ता को उजागर करती है। ऐसे में यह आवश्यक है की मातृभाषा को राजकाज की भाषा में शामिल किया जाए। इस दौरान रवि कुमार जोशी, एससीईआरटी उत्तराखंड के अपर निदेशक आरडी. शर्मा, सीसीआरटी के पूर्व निदेशक गिरीश चंद्र जोशी, प्रभारी मुख्य शिक्षा अधिकारी चक्षुष्पति अवस्थी, डॉ. केएस रावत, डॉ.राजीव जोशीड़ा प्रेम मावड़ी आदि मौजूद रहे।

# तहसील दिवस पर डीएम ने कई शिकायतों का किया निस्तारण

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी रीना जोशी की अध्यक्षता में तहसील दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कई शिकायतें दर्ज हुई, जिनमें से अधिकांश शिकायतों का निस्तारण जिलाधिकारी द्वारा मौके पर ही किया गया। दर्ज शिकायतों में से अधिकांश शिकायतें सीवेज से संबंधित थी। सीवेज से संबंधित शिकायतों में पिथौरागढ़ के पदम बहादुर पाल जिनके द्वारा सीवेज का पानी घर में आने की शिकायत की गई। वही पितरोटा के शिकायतकर्ता अनिल जोशी द्वारा क्षेत्र में सीवर लाइन बनाने की मांग की गई। इसके अलावा अन्य लोगों द्वारा भी सीवेज से संबंधित शिकायतें दर्ज कराई गई। जिस पर जिलाधिकारी ने पेयजल निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीवेज से संबंधित शिकायतों को गंभीरता से लिया जाए तथा शिकायतकर्ताओं की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई की जाय। ग्राम सेरीकांडा के प्रधान बीरू द्वारा शिकायत दर्ज करवाई गई कि पीडब्ल्यूडी द्वारा ग्राम में सड़क निर्माण के दौरान पेयजल लाइन क्षतिग्रस्त की गई है। जिसे ठीक करवाया जाना अति आवश्यक है। जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को तत्काल ही पेयजल लाईन दुरूस्त करवाने के निर्देश दिए। इसके अलावा विकास खंड विण के ग्राम निशनी की प्रधान चंद्रकला देवी द्वारा ग्राम के लगभग 14 लोगों की वृद्धावस्था व विधवा पेंशन स्वीकृत न होने संबंधी शिकायत दर्ज करवाई गई। जिस पर जिलाधिकारी ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को प्रकरणों की जांच करने के निर्देश दिए। बजेटी क्षेत्र की शिकायतकर्ता चनुली देवी द्वारा शिकायत दर्ज करवाई गई कि नगर पालिका द्वारा चनुली देवी की जमीन पर सार्वजनिक शौचालय बनाया गया है। किंतु मुआवजे का भुगतान नहीं किया गया। जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिशासी अधिकारी को समस्या निराकरण के निर्देश दिए। इसके अलावा अन्य शिकायतें भी लोगों द्वारा दर्ज करवायी गई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी वरुण चौधरी, उप जिलाधिकारी अनुराग आर्य, जिला विकास अधिकारी रमा गोस्वामी, अधिशासी अभियंता पेयजल निगम आरएस धर्मशत्तू, जिला समाज कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार आदि उपस्थित थे।



# पेड़ पर लटका मिला वृद्ध का शव

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। चौकी रम्पुरा क्षेत्र प्रीत विहार में जामुन के पेड़ पर वृद्ध का शव लटका मिलने से सनसनी फैल गयी। सूचना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आस पास के लोगों से जानकारी लेने के बाद शव पोस्टमार्टम को भिजवाया। पुलिस के मुताबिक शुक्रवार दोपहर को रम्पुरा पुलिस चौकी प्रभारी अर्जुन गिरी गोस्वामी को प्रीत विहार निवासी एक व्यक्ति ने सूचना दी कि प्रीत विहार में जामुन के पेड़ पर एक वृद्ध लटका हुआ है। सूचना पर चौकी प्रभारी मौके पर पहुंचे और उन्होंने आस पास के लोगों से जानकारी ली। उन्होंने बताया कि मृतक के लगे में गमछा बंधा था। पुलिस ने मौका मुआयना करने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई को भेजा।पप्पू नाम के व्यक्ति के खेत में जामुन का पेड़ है। उसी पर लटका था।



उन्होंने बताया कि मृतक की शिनाख्त 66 वर्षीय जसपाल कंडारी पुत्र दयाल सिंह कंडारी निवासी वार्ड नंबर 3 सिरौली कला किच्छा के रूप में हुई। उसके पास आधार कार्ड मिला। उसमें किच्छा का पता लिखा था। वह कई वर्षों से प्रीत विहार में रह कर मजदूरी करता था। परिजनों का पता लगाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वृक्ष के आत्महत्या करना प्रतीक हो रहा है। हर पहलू पर जांच की जा रही है।

# प्रतिबंधित इंजेक्शनों के साथ दो गिरफ्तार

रामनगर (उद संवाददाता)। पीरूमदारा चौकी पुलिस ने गश्त के दौरान नशे के दो सौदागरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 30 प्रतिबंधित नशे के इंजेक्शन बरामद करने में सफलता हासिल की है। कोतवाली के एसएसआई अनीस अहमद ने बताया कि शुक्रवार की दोपहर पीरुमदारा चौकी इंचार्ज राजेश जोशी पुलिसकर्मियों के साथ मधुबन कॉलोनी के समीप अंडर बाईपास पर चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच यहां पर बाइक सवार दो युवक पुलिस को देखकर मौके से भागने लगे। तभी पुलिस ने इनकी घेराबंदी करते हुए इन्हें गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से 15-15 प्रतिबंधित नशे के इंजेक्शन बरामद किए और इनकी बाइक भी कब्जे में ले ली। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम शंकर सैनी निवासी किसान इंटर कॉलेज के समीप पीरु मदारा तथा दूसरा आरोपी ने अपना नाम प्रमांशु शर्मा निवासी ग्राम उदयपुरी चोपड़ा पीरु मदारा बताया। एसएसआई अनीस अहमद ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है तथा पुलिस का यह अभियान लगातार जारी रखने की भी बात कही है।






# फूलों की होली के बीच बांटी खुशियां

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। संस्कार भारती रूद्रपुर द्वारा समरसता का होली मिलन कार्यक्रम सरस्वती विद्या मन्दिर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ संस्कार भारती के प्रांत कार्यकारी अध्यक्ष गिरीश शर्मा, विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय कार्यकारिणी के राष्ट्रीय सह महामंत्री स्नेह पाल, संस्कार भारती के प्रदेश मंत्री विमल मेहरा, प्रदेश संपर्क प्रमुख युगराज रघुवंशी और नगर अध्यक्ष कुशल अग्रवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। जिसके पश्चात शुरू हुआ होली मिलन कार्यक्रम जिसमें महिलाओं ने बैठकी होली में कई गीतों के साथ फूलों की होली खेली सभी ने मस्ती में झूमकर फूलों की होली का आनंद लिया तथा एक दूसरे पर पुष्प डालकर होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम की संयोजक दीपा जोशी के मागदर्शन में सभी ने बड़े हर्षोउल्लास के साथ कार्यक्रम मनाया। संस्कार भारती का होली मिलन पर संदेश देते हुए प्रांत मंत्री विमल मेहरा ने कहा कि इस पृथ्वी पर कहीं भी इतना सुंदर समरसता का त्यौहार नहीं है जैसा हमारे भारत देश में होली का यह त्यौहार है। सभी छोटे बड़े ऊंच-नीच के हर भेदभाव को भूल जाते हैं। केवल इसी त्यौहार में एक दूसरे को अपनी शुभ भावनाओं के साथ गले लगाते हैं और सभी के जीवन में खुशियों के रंग भरने की शुभकामनाएं देते हैं। सारी प्रकृति और जीव जंतु सभी मदमस्त होकर मानो अपनी सारी शुभकामनाओं की वर्षा कर रहे हो। उन्होंने बताया कि हमें इस त्यौहार पर अपनी समृद्ध संस्कृति का स्मरण करके अपने जीवन में समरसता लाने का गुण अपनाकर पूरे समाज और परिवार में संस्कारों को समृद्ध बनाना होगा। कार्यक्रम का संचालन शैली बंसल ने किया। कार्यक्रम में जिला प्रचारक जितेंद्र जी, नीरज अग्रवाल, विमला रानी, मोती प्रसाद साहू, अशोक मित्तल, सुनील पाठक, राजीव कुमार, सुषमा अग्रवाल, संजय ठुकराल, हरवीर चौधरी, अशोक सागर, जय प्रकाश अग्रवाल, पवन अग्रवाल, नरेन्द्र बंसल, सुरेश गुप्ता, विनोद फोगाट, विजय कक्कड़, हरविंद चौधरी, राजेन्द्र शर्मा, चन्द्रपाल सिंह, शिव शंकर गुप्ता, गजेन्द्र प्रजापति, कमलेश शर्मा, अलका विश्नोई, शालिनी बोरा, शालिनी गोयल, सूचि अग्रवाल, कृष्णा रघुवंशी, शालिनी गोयल, राजेश बजाज, कमलेश शर्मा, प्रमेशवाई काण्डपाल, श्याम मोहन काण्डपाल, जितेन्द्र सेतिया, कमला अधिकारी, आयुषा बी, ममता त्रिपाठी, ललित शर्मा, शोभा, सीमा मिगलानी, सुनिता नेगी, आशा रानी, सुमन विष्ट, अंशु टंडन, रंजना काण्डपाल, नीमा जोशी, मुन्नी, पूजा पाठक, मोनिका आदि थे।





# अंतरराष्ट्रीय पैरा खिलाड़ी मनदीप का किया स्वागत

बाजपुर (उद संवाददाता)। शुगर फैक्ट्री गेस्ट हाउस में अंतर्राष्ट्रीय पैरा खिलाड़ी मनदीप कौर का स्वागत ढोल नगाड़ों के साथ किया गया। भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष उमा जोशी के साथ शुगर फैक्ट्री के जीएम हरवीर सिंह ने शॉल ओढ़ाकर मनदीप कौर व विशाल यादव का स्वागत व सम्मान किया। इस मौके पर छात्र संघ अध्यक्ष दीपक व छात्रसंघ की टीम सहित ऋतिक यादव, गदरपुर से समाजसेवी चंद्रिका फोगाट, जसपुर से जिला कार्यकारिणी सदस्य प्रिया बिष्ट, आशा कार्यकर्ता कुलविंदर कौर, छात्र संघ पूर्व अध्यक्ष नवदीप सिंह, मयंक दिवाकर पूर्व अध्यक्ष, प्रदीप कुमार पूर्व सचिव, अध्यक्ष दीपक चौधरी आदि मौजूद थे। ओपन इंटरनेशनल चौंपियनशिप में डबल में मनदीप कौर ने स्पेन में सिल्वर मेडल व सिंगल में गोल्ड मेडल के साथ-साथ विश्व रेंक में नंबर वन बन चुकी है। साथ ही विशाल यादव का नार्थ जॉन क्रिकेट में चयन होने पर उनका भी स्वागत किया गया। इस मौके पर उमा जोशी ने कहा कि मनदीप कौर को आने वाले ओलंपिक में गोल्ड मेडल के लिए तैयार रहना है और वह बाजपुर का नाम आगे बढ़ाएगी। क्षेत्रीय प्रतिभाओं का हौसला बढ़ाने के लिए उन्होंने युवाओं को आगे आने को कहा।



# वैष्णो देवी में रूद्रपुर की अनेरा तनेजा को मिला सम्मान

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। शहर के वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी सुरेन्द्र तनेजा की पोती अनेरा तनेजा को विश्व प्रसिद्ध वैष्णो देवी धाम में कन्या पूजन के लिए चयनित करते हुए सम्मानित किया गया। श्री तनेजा बीते दिनों परिवार सहित वैष्णो देवी धाम में दर्शन के लिए पहुंचे थे। तनेजा परिवार ने सुबह की आरती में शामिल होकर मां भगवती की पूजा अर्चना की। आरती के दौरान कन्या पूजन के लिए जिन कन्याओं का चयन किया गया। उनमें सुरेन्द्र तनेजा की पोती अनेरा तनेजा को भी शामिल किया गया और विधि विधान से कन्या पूजन के पश्चात अनेरा को अन्य कन्याओं के साथ सम्मानित किया गया। जिसका लाईव प्रसारण श्रद्धा टीवी चैनल पर भी हुआ।



# छात्राओं ने उत्तर भारत हाइड्रोपावर का भ्रमण किया

कपकोट(उद संवाददाता)।कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय कपकोट की कक्षा नौ की छात्राओं ने उत्तर भारत हाइड्रोपावर का भ्रमण किया। यहां के प्रबंधक कमेलश जोशी ने उन्हें कैसे बिजली बनती है, इसकी पूरी जानकारी दी। इसके अलावा इस बिजली का कहां-कहां उपयोग होता है। बिजली खर्च का हिसाब कैसे रखा जाता है आदि जानकारी दी।नदी के जल से कैसे विद्युत उत्पादन किया जाता है इसके बारे में जानकारी दी गई, देवानंद उनियाल ने यहां लगी मशीनों के उपयोग के बारे में बताया। इस दौरान छात्रावास की अधीक्षक प्रेमा एठानी, वंदना, यशोदा, भावना, ममता, मंदिरा व सीता आदि शामिल थे।




# चीफ पोस्टमास्टर जनरल ने राज्यपाल से की मुलाकात

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से शुक्रवार को राजभवन में चीफ पोस्टमास्टर जनरल, उत्तराखण्ड अमिताभ खर्कवाल ने शिष्टाचार मुलाकात की। उन्होंने राज्यपाल को डाक विभाग के विभिन्न क्रिया-कलापों और गतिविधियों की जानकारी दी। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखंड में कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद भी डाक विभाग द्वारा अपनी सराहनीय सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में पोस्टल सुविधाओं के साथ-साथ डाक बचत सेवाओं, बैंकिंग और डाक बीमा सेवाओं को पहुंचाया जा रहा है जो प्रशंसनीय है। राज्यपाल ने कहा कि विभाग को समय के साथ अपने क्रिया-कलापों में आधुनिक तकनीक का ज्यादा से ज्यादा अपनाये जाने की जरूरत है जिससे सेवाएं लोगों तक शीघ्र पहुंच सके। उन्होंने कहा कि डाक विभाग के सहयोग से दूरस्थ गावों में लोगों को आसानी से कई सुविधाएं उपलब्ध हो रही है।



# भाजपा किसान मोर्चा ने किया तहसीलदार का स्वागत

गदरपुर(उद संवाददाता)। नवनियुक्त तहसीलदार पूजा शर्मा के तहसील गदरपुर कार्यालय का चार्ज संभाले से उत्साहित भाजपा किसान मोर्चा के सदस्यों द्वारा उनका पुष्प गुच्छ, स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। भारतीय जनता पार्टी के किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश हुड़िया के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं द्वारा तहसील परिसर पहुंचकर तहसीलदार पूजा शर्मा को बधाई देते हुए स्मृति चिन्ह देकर उनका स्वागत किया। तहसीलदार पूजा शर्मा ने कहा कि तहसील कार्यालय से संबंधित कार्यप्रणाली में ओर ज्यादा सुधार लाने का पूर्ण प्रयास किया जाएगा,ताकि तहसील कार्यालय में पहुंचने वाले लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर जसवीर सिंह चीमा,हरलोक सिंह नामधारी, गुलशन शर्मा, मोहित चेरी, संदीप गुंबर आदि मौजूद रहे।



# राउंड टेबल ने किया भूमि पूजन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।चौधरी रणबीर सिंह सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल गोजा जाली में हल्द्वानी राउंड टेबल 348 द्वारा भूमि पूजन विधि विधान के साथ किया गया। जिसमें पूजा में शामिल नेशनल प्रेसिडेंट मनीष लखोटिया, एरिया चेयरमैन आशीष सिंघानिया, हल्द्वानी राउंडटेबल चेयरमैन सनी आनंद, अतीव अग्रवाल, अर्पित अग्रवाल, रोहित अग्रवाल, उत्सव साहनी, तरुण अग्रवाल, यश जैन, कृष्णा गोयल एवं स्कूल के प्रधानाचार्य प्रेम बल्लभ जोशी, मनोज मठपाल पार्षद, अखिलेश भारद्वाज, चंदन शर्मा, विपिन गुप्ता आदि शामिल थे। भविष्य में हल्द्वानी राउंड टेबल और ऐसे काम करता रहेगा।




# नशे के इंजेक्शनों के साथ एक गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। थाना बनभूलपुरा पुलिस ने चौकिंग के दौरान एक नशा तस्कर को प्रतिबंधित नशे के इंजेक्शनो के साथ गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार उनि शंकर नयाल साथी पुलिसकर्मियों कानि. दिलशाद अहमद रोक थाम करने हेतु चौकिंग कर रहे थे। इसी दौरान बरेली रोड़ दानिश का बगीचा के पास संदिग्ध रूप से घूमते युवक को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता वसीम अहमद पुत्र इकबाल अहमद निवासी नियर नूरी मस्जिद उत्तर उजाला थाना बनभूलपुरा बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से कुल 38 अदद नशे के इंजेक्शन बरामद हुए। पुलिस ने बताया कि वसीम पूर्व में भी स्मैक की तस्करी में जेल जा चुका है।



# स्मैक की तस्करी करता एक गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। थाना बनभूलपुरा पुलिस ने चौकिंग के दौरान एक नशा तस्कर को अवैध स्मैक सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार उपनिरीक्षक मनोज यादव साथी पुलिस कर्मियों का. मौ. अतहर व हरीश रावत के साथ रात्रि चौकिंग कर रहे थे। इसी दौरान बिलाली मस्जिद के पीछे रिहान की दुकान के पास गांधीनगर वनभूलपुरा से एक नशा तस्कर को दबोच लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता राहुल बाल्मीकि पुत्र काली चरन निवासी गांधीनगर वार्ड 27 थाना वनभूलपुरा बताया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से कुल 115 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस ने राहुल के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि राहुल पूर्व में भी चरस तस्करी में जेल जा चुका है।



## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय


सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

### क्रिकेट खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन

क्रिकेट मैच एक ऐसा अवसर होता है, जब दुनिया भर के दर्शक उससे जुड़े होते हैं। ऐसे में जब भारतीय और आस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एक साथ मोटेरा स्टेडियम पर उतरे तो वह एक तरह से पूरी दुनिया के लिए एक संदेश था। पीएम नरेंद्र मोदी और उनके ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष एंथोनी अल्बानीज 9 मार्च 2023 को बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी 2023 के अंतिम टेस्ट मैच के पहले दिन का खेल देखने के लिए अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम पहुंचे। उन्होंने मैच से पहले भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और ऑस्ट्रेलिया के कार्यवाहक कप्तान स्टीव स्मिथ को स्पेशल कैप दी। राष्ट्रों के प्रमुख खेल, सांस्कृतिक आयोजनों आदि में शिरकत करके भी अपने देशों के रिश्ते प्रगाढ़ करने का प्रयास करते हैं। जब भी किसी मित्र देश का शीर्ष नेतृत्व मेहमान बन कर आता है, तो उसे अपने देश की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराया जाता है। मुलाकात, बातचीत, समझौतों आदि के लिए ऐसी जगहों का चुनाव किया जाता है, जहां से कोई बड़ा संदेश दिया जा सके। क्रिकेट और फुटबाल चूंकि दुनिया के सबसे लोकप्रिय खेल हैं, इसलिए उनके बड़े आयोजनों में भी राष्ट्रों के प्रमुख हिस्सा लिया करते हैं। इस समय भारत और आस्ट्रेलिया की क्रिकेट टीमें प्रतिस्पर्धा कर रही हैं, जिसके तहत अहमदाबाद के मोटेरा स्टेडियम में चौथा और अंतिम टेस्ट मैच खेला गया। आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बनीज इस मैच से एक दिन पहले ही भारत पहुंचे थे। इस तरह एक अच्छा अवसर था, जब दोनों देशों के प्रमुख उस मैच में हिस्सा लेकर अपनी मित्रता की मजबूती प्रदर्शित करें। आस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री को लेकर भारतीय प्रधानमंत्री मोटेरा स्टेडियम पहुंचे और दोनों नेताओं ने अपने-अपने देशों के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। स्वाभाविक ही, इससे दर्शकों में भी दोनों देशों के बीच प्रगाढ़ होते रिश्तों का खुशनुमा संदेश गया। भारत और आस्ट्रेलिया के बीच दोस्ती का यह पचहत्तरवां साल है। पिछले कुछ सालों में दोनों देशों के बीच व्यापारिक-वाणिज्यिक संबंध लगातार प्रगाढ़ होते गए हैं। इस बार की भारत यात्रा पर भी आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री ने एलान किया कि गुजरात में आस्ट्रेलियाई विश्वविद्यालय अपना परिसर खोलेगा। दोनों देश शिक्षा के क्षेत्र में रिश्तों को मजबूत बनाने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। कुछ दिनों पहले ही विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने घोषणा की कि विदेशी विश्वविद्यालयों को भी भारत में अपने परिसर खोलने की इजाजत दी जाएगी। इस तरह आस्ट्रेलिया पहला देश होगा, जिसने अपने किसी विश्वविद्यालय का परिसर खोलने का एलान किया है। आस्ट्रेलिया, भारत का सत्रहवां बड़ा व्यापारिक सहयोगी देश है और भारत आस्ट्रेलिया का नौवां सबसे बड़ा व्यापारिक सहयोगी देश। दोनों देशों के बीच व्यापारिक रिश्तों में कभी खटास नहीं देखी गई। यहां तक कि कोरोना प्रभाव के चलते जब दुनिया भर में व्यापारिक गतिविधियां प्रभावित हुईं, तब भी दोनों देशों के बीच व्यापारिक गतिविधियां लगातार बढ़ीं। उस दौरान आस्ट्रेलिया को भारत का निर्यात एक सौ पैंतीस फीसद बढ़ा। भारतीय वस्तुओं के लिए आस्ट्रेलिया एक बड़ा बाजार है। और ऐसे वक्त में जब भारत अपना निर्यात बढ़ाने पर जोर दे रहा है, आस्ट्रेलिया के साथ उसके रिश्तों में बढ़ती गर्मजोशी से स्वाभाविक ही सकारात्मक नतीजे निकलेंगे। भारत का जोर हमेशा से छोटे देशों के साथ मिल कर व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देने पर रहा है, ताकि पश्चिमी और ताकतवर देशों के बरक्स एक मजबूत गठजोड़ तैयार किया जा सके। आस्ट्रेलिया के साथ रिश्तों की अहमियत इस दृष्टि से बड़ी है। अब रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद दुनिया में जिस तरह महाशक्तियों का ध्रुवीकरण हो रहा है, उसमें व्यापारिक गतिविधियों के समीकरण बदलते देखे जा रहे हैं। ऐसे में भारत जैसे देशों को अपने व्यापारिक सहयोगियों का अलग तंत्र विकसित करना ही होगा।

# पंजाब के संसार सिंह का परिवार चढ़ाएगा दर्शनी गिलाफ

## देहरादून में 12 मार्च को झंडे जी के आरोहण के साथ शुरू होगा ऐतिहासिक झंडा मेला



देहरादून। गुरु भक्ति में रंगी संगतों की भीड़, ढोल की थाप पर नृत्य करते श्रद्धालु, दुकानों में खरीदारी, झंडेजी पर माथा टेकती संगत, गुरु महाराज के जयकारे व भजनों का गुणगान कर गिलाफ सिलवाई करती महिलाएं। ऐतिहासिक झंडा मेला शुरू होने से पूर्व शुक्रवार को श्री गुरु राम राय दरबार साहिब में यह नजारा देखने को मिला। इस दौरान दरबार साहिब के सज्जादा गद्दी नशीन श्रीमहंत देवेन्द्र दास महाराज ने संगत को दर्शन व आशीर्वाद दिए। तकरीबन तीन हफ्ते तक चलने वाला झंडा मेला कल रविवार को झंडेजी के आरोहण के साथ शुरू हो जाएगा। इसके लिए तैयारी जोरों पर हैं। दरबार साहिब पर साजो सज्जा की गई है। वहीं मेले में शामिल होने के लिए देश विदेश से आने वाली संगत का क्रम जारी है। सज्जादा गद्दी नशीन देवेन्द्र दास महाराज ने दरबार साहिब परिसर में संगत का स्वागत करते हुए श्री गुरु राम राय महाराज के जीवन से जुड़े स्मरण साझा करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संदेश दिया। कहा कि जो व्यक्ति गुरु के बताए रास्ते पर चलता है, उसे जीवन में हर लक्ष्य की प्राप्ति होती है। वहीं श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल के ब्लड बैंक व श्री महाकाल सेवा समिति की ओर से श्री दरबार साहिब में आज शनिवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। झंडा मेले के लिए दरबार साहिब परिसर में दुकाने सजनी शुरू हो चुकी हैं। खाने पीने से लेकर दैनिक उपयोग की वस्तुओं से दुकानों को सजाने का कार्य किया जा रहा है। परिसर में तकरीबन 200 दुकानें लगाई गई हैं। दरबार साहिब के सज्जादा गद्दी नशीन देवेन्द्र दास महाराज ने अपने संदेश में मेले को देश की विरासत व धरोहर बताया। कहा कि मेलों में देश विदेश के लोग एकजुट होकर अपनी कला, संस्कृति व संस्कारों का आदान प्रदान करते हैं। मेले आपसी सद्भाव व भाईचारे को बढ़ाने का काम करते हैं। श्री दरबार साहिब मेला समिति की ओर से दरबार साहिब परिसर में श्रद्धालुओं के लिए झंडेजी के आरोहण के लिए विभिन्न जगहों पर एलईडी स्क्रीन की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा इस पल को लोग दरबार साहिब के फेसबुक पेज व यूट्यूब चौनल के माध्यम से भी देख पाएंगे। दरबार साहिब परिसर में सुबह से ही महिलाएं गिलाफ सिलाई में जुटी रहीं। श्री गुरु राम राय महाराज के जयकारों व भजनों के साथ गिलाफ सिलने का काम देर शाम तक लगभग पूरा कर लिया गया। झंडेजी में तीन तरह के गिलाफ के आवरण में सबसे भीतर 41 सादे गिलाफ, मध्य भाग में 21 शनील के गिलाफ जबकि सबसे बाहरी भाग में एक दर्शनी गिलाफ चढ़ाया जाता है। इस वर्ष संसार सिंह पुत्र फतेह सिंह ग्राम- शेखपुर बाग, जारला, जिला नवाशहर, पंजाब के परिवार को दर्शनी गिलाफ चढ़ाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। श्री गुरु राम राय महाराज सिखों के सातवें गुरु श्री गुरु हर राय जी के ज्येष्ठ पुत्र थे। उनका जन्म होली के पांचवे दिन वर्ष 1646 को पंजाब के जिला होशियारपुर (अब रोपड़) के कीरतपुर में हुआ था। झंडा मेला का इतिहास देहरादून के अस्तित्व से जुड़ा है। श्री गुरु राम राय महाराज का यहां आगमन यहां वर्ष 1676 में हुआ था। उन्होंने यहां की रमणीयता से मुग्ध होकर ऊंची-नीची पहाड़ी धरती पर जो डेरा बनाया, उसी के अपभ्रंश स्वरूप इस जगह का नाम डेरादीन से डेरादून और फिर देहरादून हो गया। उन्होंने इस धरती को अपनी कर्मस्थली बनाया। दरबार साहिब में लोक कल्याण के लिए एक विशाल झंडा देहरादून के मध्य स्थान में (बीच में) लगाकर लोगों को इसी ध्वज से आशीर्वाद प्राप्त करने का संदेश दिया। इसी के साथ झंडेजी साहिब के दर्शन की परंपरा शुरू हो गई। श्री गुरु राम राय महाराज को देहरादून का संस्थापक कहा जाता है।

# देशभर से दरबार साहिब पहुंचने लगीं संगतें

देहरादून। 12 मार्च को झंडे जी के आरोहण के साथ ऐतिहासिक झंडा मेला शुरू हो जाएगा। इसमें शामिल होकर पुण्यलाभ कमाने के लिए देश के कोने-कोने से संगतें दरबार साहिब पहुंच रही हैं। उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश और राजस्थान आदि से संगतों का आना जारी है। दरबार साहिब के सज्जादानशीन महंत देवेंद्र दास महाराज संगतों को आशीर्वाद दे रहे हैं। करीब एक माह तक चलने वाले देहरादून के ऐतिहासिक झंडा मेला की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। संगतों के ठहरने से लेकर भोजन आदि का पूरा इंतजाम किया गया है। विभिन्न धर्मशालाओं में रुकने की व्यवस्था है। मेला कमेटी और पुलिस-प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। सीसीटीवी कैमरों से हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। वहीं, इस बार झंडा रोहण की पूर्व संध्या पर श्री महाकाल सेवा समिति की ओर से श्री महंत इंदिरेश अस्पताल ब्लड बैंक के सहयोग से रक्तदान शिविर लगेगा। संस्था के अध्यक्ष रोशन राणा ने बताया कि महंत देवेंद्र दास ने रक्तदान शिविर के बैनर का विमोचन किया है। साथ ही क्षेत्रवासियों और श्रद्धालुओं को अधिक से अधिक रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया गया।सिखों के सातवें गुरु हरराय महाराज के ज्येष्ठ पुत्र गुरु रामराय महाराज के देहरादून आगमन की खुशी में हर साल झंडा मेला लगता है। वर्ष 1675 में चौत्र मास कृष्ण पक्ष की पंचमी को गुरु रामराय महाराज ने दून में कदम रखा था। इसके बाद 1676 से यह उत्सव मनाया जाता है। मेले में झंडे जी पर गिलाफ चढ़ाया जाता है। चैत्र में कृष्ण पक्ष की पंचमी के दिन पूजा-अर्चना कर पुराने झंडे जी को उतारकर ध्वजदंड में बंधे पुराने गिलाफ, दुपट्टे आदि हटाए जाते हैं। दरबार साहिब के सेवक दही, घी और गंगाजल से ध्वज दंड को स्नान कराते हैं। इसके बाद झंडे जी को गिलाफ चढ़ाने की प्रक्रिया शुरू होती है। सबसे ऊपर दर्शनी गिलाफ चढ़ाया जाता है। पवित्र जल छिड़कने के बाद श्रद्धालु रंगीन रुमाल, दुपट्टे आदि बांधते हैं। कहा जाता है कि पहले पंजाब और हरियाणा से ही संगतें दरबार साहिब पहुंचती थीं। इसके बाद झंडे जी की ख्याति देश-दुनिया में फैलने लगी। अब लाखों श्रद्धालु झंडे जी के दर्शन करने पहुंचते हैं। दरबार साहिब के आंगन में सद्भाव के सांझा चूल्हे से रोजाना हजारों लोग एक ही छत के नीचे भोजन ग्रहण करते हैं। अलग-अलग स्थानों पर भी लंगर चलते हैं।

# क्षमा और शांति के मार्ग पर चलना

आज के समाजिक वातावरण में हम लोग जहाँ रहते हैं और काम करते हैं, वहाँ विभिन्न धर्मों, संस्कृति और विचारधाओं के लोगों से हमारा मेल-मिलाप होता है। इस दौरान हम कई बार हम यह महसूस करते हैं कि दूसरा व्यक्ति हमारी समझ के मुताबिक कार्य नहीं कर रहा या उसी सोच हमारी सोच से नहीं मिलती। ऐसे में हमारे अंदर उस व्यक्ति के लिए क्रोध, घृणा और बदले की भावना पैदा हो जाती है और फिर यही भावना हमारे दु:खों का कारण बनती है। क्रोध और नफरत हमारे मन में आग पर घी डालने का काम करती है। यदि हमें अपने मन को शांत रखना है तो हमें क्षमा करना सीखना होगा। क्षमा करने में हमें उस व्यक्ति के हर उस कार्य को भूलना होगा जिनसे हमें तकलीफ मिली है ताकि हम अपने जीवन में एक साफ दिल और दिमाग से आगे बढ़ सकें। जब तक हम किसी को क्षमा नहीं करते तब तक क्रोध, नफरत और बदले के विचार हमारे दिल और दिमाग में चलते रहते हैं और इससे हमें ही पीड़ा झेलनी पड़ती है। जब हम क्रोध और नफरत से भरे हुए होते हैं तब हम अपने काम में सही तरीके से ध्यान नहीं लगा पाते। हमारी कार्य करने की क्षमता और योग्यता कम हो जाती है। अपने कार्य में ध्यान देने की जगह हम सोचते रहते हैं कि हमें किसने चोट पहुँचाई? कैसे उन्होंने यह सब किया? क्यों किया? अब हम उन्हें कैसे चोट पहुँचायें? आदि। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि जहाँ क्रोध के विचारों का चक्र हमारे मन में चलता रहता है और हम काम पर ध्यान नहीं दे पाते, वहीं शायद हम बड़ी-बड़ी गलतियाँ भी कर सकते हैं। कभी-कभी यह गलतियाँ दूसरों की जिंदगी भी ले सकती हैं। उदाहरण के तौर पर हम सब यह अच्छी तरह जानते हैं कि ड्राईवर, पायलट या बस चालक जब अधिक क्रोध में होते हैं, तब उनसे कई दुर्घटना हो जाती है, जिससे कि अन्य लोग घायल होते हैं या उनकी जान तक चली जाती है। अक्सर यह देखा



गया है कि डॉक्टर जिनका अपने काम में मन नहीं लगता, अनजाने में उनसे ईलाज में गलती हो सकती है जिससे कि मरीजों को नुकसान हो सकता है। ऐसे दुर्घटना पूर्ण नतीजों से बचने के लिए हमें क्षमा करना सीखना ही होगा। चिकित्सीय शोधकत्ताओं ने क्षमा करने का एक और लाभ बताया है। जिसका सीधा हमारे दिमाग पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। बढ़ते हुए वैज्ञानिक प्रमाण बताते हैं कि कैसे क्रोध हमारी तनाव संबंधित बीमारियों का कारण बनता है? ब्रेन स्केन और चिकित्सीय जांच से यह पता चलता है कि शरीर हमारे मस्तिष्क की रक्त वाहिकाओं और नाड़ी तंत्र में कार्टिसोल और तनाव संबंधी हॉर्मोन्स का निर्माण करता है जिससे कि हमें ब्रेन स्टोक यानि मस्तिष्क का दौरा पड़ सकता है या मस्तिष्क के कुछ हिस्सों में नुकसान पहुँच सकता है। यदि हमें पता हो कि क्रोध हमारे मस्तिष्क को नुकसान पहुँचा सकता है तब शायद हम क्षमा करने के बारे में विचार करेंगे।इसके अतिरिक्त यदि हम दूसरों को मानसिक या भावनात्मक चोट पहुँचाते हैं तब हमारे आस-पास एक नकारात्मक माहौल बन जाता है। ऐसा करके हम ऐसे व्यक्ति बन जाते हैं जो नकारात्मकता को बढ़ावा देते हैं, जिसके कारण दूसरे लोग भी हमसे नकारात्मक तरीके से पेश आते हैं। इससे पहले कि यदि हमें यह मालूम हो कि हमारे घर में, ऑफिस में, समाज और विश्व में हमारे द्वारा एक विषैला वातावरण बन रहा है तो क्या हम ऐसा वातावरण बनने देना चाहेंगे जोकि नकारात्मक हो या एक ऐसा माहौल बनाने की कोशिश करेंगे जो प्रेम से भरपूर से हो। हम सभी यही चाहते हैं कि हम एक ऐसे वातावरण में जियें जो प्रेम और शांति से भरा हुआ हो। अब सवाल यह उठता है कि इस नकारात्मक माहौल को हम कैसे बदल सकते हैं? संत-महापुरुष हमें बताते हैं कि हम नफरत और क्रोध जैसे अवगुणों को क्षमा की मरहम से दूर कर सकते हैं। जब हम दूसरों की नकारात्मकता का जवाब ही नहीं देंगे और उन्हें क्षमा कर देंगे, तब उनके पास विरोध करने के लिए कुछ नहीं होगा। जिससे कि प्रतिक्रिया का यह सिलसिला रूक जाएगा। यदि हम दूसरों से प्रेम से व्यवहार करेंगे तो वे आखिर कब तक हमसे नकारात्मक व्यवहार करेंगे? एक न एक दिन वे भी अपने आप नफरत छोड़ देंगे क्योंकि जब हम क्षमा करते हैं, तब हम दूसरों के लिए भी एक उदाहरण बनते हैं। प्रेम और क्षमा दूसरों को भी प्रेम करने की प्रेरणा देती है, जिससे कि धीरे-धीरे दुनिया में शांति स्थापित हो सकती है। जब लोग देखते हैं कि हम अपने गाल पर चांटा मारने वालों को भी क्षमा कर सकते हैं, तब वे भी हमारे उदाहरण पर चलने के लिए प्रेरित होते हैं। क्यों? क्योंकि जो हमें चोट पहुँचाते हैं, उन्हें क्षमा करना ही इस दुनिया में परमात्मा के प्रेम का सबसे बड़ा उदाहरण है। यदि हम क्षमा करना सीख जाते हैं तो हम दुनिया से नफरत करने वालों में से एक व्यक्ति कम कर देते हैं। यदि हममें से प्रत्येक व्यक्ति क्षमा करने वाला बन जाए तो यह दुनिया ज्यादा शांत और प्रेममयी बन जाएगी। यदि हम ऐसा करते हैं तो हम अपने मन को ज्यादा शांत पाएंगे। ऐसी अवस्था में ध्यान-अभ्यास के समय हमारा मन आसानी से स्थिर हो जाएगा और हमारी आध्यात्मिक उन्नति में बड़ी तेजी से प्रगति होगी। ध्यान-अभ्यास में सफलता मन को शांत करने पर ही निर्भर है। क्रोध और नफरत हमारे मन को शांत करने में रूकावट पैदा करते हैं। हम सभी जानते हैं कि मन को शांत करना कितना मुश्किल है। हमारा मन जितना ज्यादा अशांत होगा, ध्यान-अभ्यास में एकाग्र होने में हमें उतना ही अधिक समय लगेगा, जिससे कि हमारी जिंदगी में हमेशा हलचल बनी रहेगी। यदि हम चाहते हैं कि हम एक शांतिपूर्ण जीवन व्यतीत करें तो उसके लिए यह आवश्यक है कि हम अपने अंदर क्षमा के गुण को धारण करें ताकि न सिर्फ हम अंदर से शांत हों बल्कि हमारे आस-पास के वातावरण में भी शांति हो सके।

-संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

# उत्तराखंड में फिल्म बनाना चाहते थे सतीश कौशिक

देहरादून। प्रख्यात अभिनेता, फिल्म निर्माता व निर्देशक सतीश कौशिक की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। उनके निधन से दून में भी शोक की लहर है। सतीश कौशिक को उत्तराखंड से बेहद लगाव था। आखिरी बार वह वर्ष 2022 में यहां आए थे। उन्होंने वेब सीरीज गंस एंड गुलाब्स में अभिनय किया था। इसकी शूटिंग के सिलसिले में ही वह देहरादून पहुंचे थे। दून में उनके कई करीबी लोग भी हैं। वह जब भी फिल्म की शूटिंग के लिए उत्तराखंड आते तो अपने मित्रों से मिलना नहीं भूलते थे। वह उत्तराखंड में एक नई फिल्म बनाना चाहते थे। इसके लिए वह लोकेशन भी



तलाश रहे थे। इसमें उनके करीबी मित्र उनकी मदद कर रहे थे। मूलरूप से उत्तराखंड निवासी फिल्म अभिनेता बृजेंद्र काला से उनके मधूर संबंध थे। बृजेंद्र काला ने फिल्म कागज व मेंटल में उनके साथ काम किया था। फिल्म सलाहकार सतीश शर्मा बताते हैं कि पिछली बार जब सतीश कौशिक यहां आए तो कई दिनों तक शूटिंग में व्यस्त रहे। उनके निधन की खबर से दूनवासियों में शोक व्याप्त है।

# प्रशासन ने रुकवाई नाबालिग की शादी

देहरादून। डुंडा तहसील के कुमारकोट गांव में प्रशासन ने नाबालिग लड़की की शादी रुकवा दी। नाबालिग लड़की और उसकी मां को वन स्टॉप सेंटर उत्तरकाशी लाया गया है। वहीं, हरियाणा से आ रही बरात रास्ते से ही लौट गई। बताया जा रहा कि परिजनों ने नाबालिग का फर्जी जन्म प्रमाणपत्र बनवा कुछ दिन पूर्व कोर्ट मैरिज भी करवा दी थी।बृहस्पतिवार देर शाम तहसील प्रशासन डुंडा को कुमारकोट गांव में एक नाबालिग लड़की शादी करवाने की शिकायत मिली, जिस पर प्रशासन की टीम देर शाम गांव पहुंची। गांव में शादी की तैयारियां पूरी कर बरात का इंतजार किया जा रहा था। बरात के लिए शामियाना सजाया गया था। तभी प्रशासन की टीम ने पहुंचकर जांच शुरू की। जिस लड़की की शादी कराईध्जा रही थी, हाईस्कूल के प्रमाणपत्र से उसकी उम्र 16 वर्ष कुछ माह होने की पुष्टि हुई। जिस पर टीम नाबालिग लड़की और उसकी मां को पूछताछ के लिए जिला मुख्यालय स्थित वन सेंटर ले आई। पूछताछ में पता चला कि नाबालिग की शादी की बात हरियाणा में उनके किसी परिचित ने ही करवाई थी। उधर, मामले की भनक लगते ही बरात आधे रास्ते से वापस लौट गई है। बताया जा रहा है कि नाबालिग का हरिद्वार में फर्जी जन्म प्रमाणपत्र बनाया गया है।





# उत्तराखंड की कर्नल गीता राणा बनी पहली महिला सैन्य कमांडर

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड वीरों की ही नहीं, बल्कि वीरांगनाओं की भी भूमि है। आज भी बेटों के समान यहां की बेटियां भी सैन्य परंपरा



का हिस्सा बन रही हैं। देश को पहला सीडीएस देने वाले इस राज्य से अब एक महिला अधिकारी के रूप में कर्नल गीता राणा पहली सैन्य कमांडर मिली हैं। कर्नल गीता राणा नेगी पूर्वी लद्दाख में एलएसी से सटे क्षेत्र में तैनात स्वतंत्र फील्ड बटालियन (कोर आफ इंजीनियर की बटालियन) की कमान संभालने वाली पहली महिला अधिकारी बनी हैं। भारतीय सेना के इतिहास में पहली बार किसी महिला अधिकारी बतौर कमांडर इस तरह की कमान सौंपी गई है। कर्नल गीता वर्तमान में कोर आफ इलेक्ट्रानिक्स एंड मैकेनिकल इंजीनियर्स में तैनात हैं। कर्नल गीता का परिवार मूलरूप से पौड़ी गढ़वाल के दुगड्डा ब्लाक अंतर्गत ग्रामसभा खोलकंडी के तोकग्राम डंगू का रहने वाला है। उनके पिता कृपाल सिंह राणा सेना की महार रेजीमेंट से आनरेरी कैप्टन रैंक से रिटायर हुए हैं। कर्नल गीता के चचेरे भाई प्रदीप राणा ने बताया कि उनके ताऊ कृपाल सिंह की तीन बेटियां हैं, जिनमें बड़ी बेटी किरन बरेली में सरकारी विद्यालय में शिक्षिका, जबकि सबसे छोटी बेटी मीना बरेली कैंट के केंद्रीय विद्यालय में उप प्रधानाचार्या हैं। गीता दूसरे नंबर की बेटी हैं। उन्होंने कानपुर कैंट के केंद्रीय विद्यालय से वर्ष 1992 में हाईस्कूल, वर्ष 1994 में बरेली कैंट के केंद्रीय विद्यालय से इंटरमीडिएट परीक्षा पास की। वर्ष 1997 में रूहेलखंड विश्वविद्यालय से बीएससी की परीक्षा पास की। इसके बाद ओटीए परीक्षा पास की व प्रशिक्षण के बाद सितंबर 1999 में उन्हें इलेक्ट्रानिक्स एंड मैकेनिकल इंजीनियर्स में तैनाती मिली। वर्तमान में उनके माता-पिता बरेली में निवास करते हैं। कर्नल गीता का विवाह चमोली जनपद के नारायणबगड़ के केवर तल्ला गांव निवासी सिद्धार्थ नेगी से हुआ है। वह समाजसेवा से जुड़े हुए हैं। वर्तमान में नारायणबगड़ के ब्लाक प्रमुख यशपाल नेगी व समाजसेवी डा. हरपाल नेगी भी कर्नल गीता के परिवार से ही हैं। कर्नल गीता को कमांड की जिम्मेदारी मिलने की सूचना के बाद से ही नाते-रिश्तदार खुश हैं। पौड़ी जनपद के कोटद्वार क्षेत्र के पदमपुर में रह रहे चाचा आरनेरी कैप्टन जगदीश राणा व कोटला निवासी मोहन सिंह नेगी ने अपनी बेटी की इस सफलता पर हर्ष जताया है। बताया कि कृपाल सिंह का लगातार गांव के साथ ही कोटद्वार में भी आना-जाना है। प्रदीप ने बताया कि उनके ताऊ ने कोटला में एक भूखंड भी लिया हुआ है। इधर, ग्राम डंगू में भी बेटी की इस सफलता से हर्ष का माहौल है। कर्नल गीता को सेना में बतौर पहली महिला कमांडर की जिम्मेदारी मिलने पर उनके चमोली जिले में स्थित ससुराल केवर तल्ला क्षेत्र में खुशी की लहर है। गांव की प्रधान पुष्पा देवी, विधायक प्रतिनिधि दलीप सिंह नेगी आदि ने इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर की। ग्रामीणों ने उनकी इस कामयाबी पर एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई।

# कमांडो की तर्ज पर महिला होमगार्ड को दिया जाएगा फील्ड प्रशिक्षण

देहरादून। होमगार्ड की महिला जवान भी अब कमांडों जैसी तेज तर्रार बनेंगी। भविष्य में इन महिला जवानों को कमांडो की तर्ज पर फील्ड समेत अन्य प्रशिक्षण देने की भी योजना है। फिलहाल विभाग की ओर से इन्हें (सेल्फ लोडिंग रायफल) एसएलआर चलाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ताकि महिला जवान भी पुरुष जवानों की बराबरी कर सकें। होमगार्ड विभाग की ओर से पहले चरण में पुरुष जवानों को एसएलआर चलाने का प्रशिक्षण दिया गया था। अब प्रशिक्षण के लिए 65 महिला जवानों का चयन किया गया है। प्रदेश में होमगार्ड जवानों को भी पुलिस की तर्ज पर प्रशिक्षित किया जा रहा है। इसी उद्देश्य से पुरुष व महिला जवानों को फायरिंग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। विभाग में पहले जवानों को थ्री नाट थ्री का प्रशिक्षण दिया जाता था, लेकिन अब थ्री नाट थ्री को विभाग से हटाते हुए एसएलआर को शामिल किया गया है। महिला जवानों को भी एसएलआर चलाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि भविष्य में आवश्यकता पड़ने पर ड्यूटी के दौरान उन्हें उपयोग में लाया जा सके। होमगार्ड विभाग की ओर से प्रदेश के 10 जनपदों में महिला प्लाटून बनाने की तैयारी की जा रही है। ऊधमसिंहनगर, पिथौरागढ़, चंपावत, अल्मोड़ा, बागेश्वर, चमोली, रुद्रप्रयाग, पौड़ी, उत्तरकाशी और टिहरी में होमगार्ड स्वयंसेवकों की एक-एक महिला प्लाटून (330 महिला होमगार्ड) के पदों पर भर्ती की भी योजना है। होमगाड्र्स विभाग में पुरुष जवानों की तर्ज पर महिला जवानों को भी फायरिंग में प्रशिक्षित किया जा रहा है। महिला जवानों को एसएलआर की ट्रेनिंग दी जा रही है, ताकि भविष्य में कहीं जरूरत पड़ने पर इन्हें वहां तैनात किया जा सके।

## पेज एक का शेष...

**हटाई जायेगी रामनोहर ...**किया। चौड़ीकरण की जद में इस मार्केट की करीब 70 दुकानें आ रही है। इन दुकानदारों से 13 मार्च तक अतिक्रमण हटाने को कहा गया है। इसके बाद प्रशासन ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करेगा। हालाकि प्रशासन इन्हें मुआवजा देने की भी बात कह रहा है लेकिन चिन्हिकरण में पता चला है कि दुकानें जिन लोगों के नाम पर आवंटित थी वह लोग उन्हें बेच चुके हैं, ऐसे में मुआवजा किसे मिलेगा और कितना मिलेगा इसको लेकर भी संशय पैदा हो गया है। क्योंकि निगम की सूची में उनका नाम ही शामिल नहीं है। इसी को लेकर व्यापारियों ने आज पहले सीडीओ से मुलाकात की जिसमें कोई नतीजा नहीं निकला। सीडीओ ने मामला एनएचएआई का होने के चलते हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। बाद में व्यापारियो ने विधायक शिव अरोरा के साथ साथ बैठक की जिसमें व्यापारियों ने प्रभावितों को अन्यत्र बसाने और पर्याप्त मुआवजा देने की पुरजोर मांग की। विधायक अरोरा ने शाम को मौके पर पहुंचकर व्यापारियों को राहत पहुंचाने के लिए प्रयास करने का आश्वासन दिया। उधर व्यापारियों ने ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के खिलाफ शाम से अनिश्चित काल के लिए दुकानें बंद करने का ऐलान किया है।

**नगर निगम में भ्रष्टाचार के ..**जिन कालोनियों में कालोनाइजरों द्वारा कालोनियों में सड़के नालियाँ आदि का निर्माण कराई जानी चाहिए वहां मेयर अपना निजी हित लाभ लेने के उद्देश्य से नगर निगम का लाखों रुपया निर्माण कार्यों पर खर्च करवा रहे हैं। मेयर अपने चहेते ठेकेदारों का भुगतान करा रहे हैं जबकि कांग्रेस समर्थित ठेकेदारों के लिए धन ना होने का बहाना कर उन्हें भुगतान नहीं कर रहे हैं। कार्यवाहक महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा ने कहा कि नगर निगम रूद्रपुर द्वारा 45 टेण्डरों को पूल के जरिये अपने चहेते ठेकेदारों को कार्य सौंपा गया है जो कि शर्तों के विपरीत एवं घोर आपत्ति जनक है। श्री शर्मा ने कहा कि नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत कई कालोनियों में जो विकास कार्य किये जा रहे हैं उन कालोनियों में समितियों बनाकर विकास शुल्क कालौनीवालों से वसूला जाता है यह विकास कार्य किन मदों में खर्च होता है उसका कुछ पता नहीं। जबकि सड़कें, नालियों, बिजली की समुचित व्यवस्था करने की जिम्मेदारी नगर निगम की है। इस तरह से सम्पूर्ण नगर निगम क्षेत्र में करोड़ों रुपयों का गोल माल हो रहा है। मलिन बस्तियाँ आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। मेयर बिना कोरम पूरा किये ही बोर्ड की मीटिंग में प्रस्तावों को पारित कर रहे हैं। बैठक में काग्रेसी पार्षदों को बोलने का मौका नहीं दिया जाता। श्री शर्मा ने कहा कि शक्तिविहार कालोनी मात्र डेढ़ किमी के दायरे में बसी है यहां पर साढ़े 12 किमी की सड़कों का टेंडर निकाला गया है जो भ्रष्टाचार का जीता जागता उदाहरण है। इसके अलावा इन्दिरा चौक का काम विकास प्राधिकरण करा रहा है लेकिन नगर निगम ने इस कार्य के लिए अलग से टेंडर पास किया है। कांग्रेसियों ने अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच कर टेंडरों को निरस्त करने की पुरजोर मांग की है। और कार्रवाई नहीं होने पर 20 मार्च से नगर निगम परिसर में पार्षदों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ अनिश्चित कालीन अनशन पर बैठने का ऐलान किया है।

**निवेशकों के करोड़ों समेटकर...**पानू ने 136800 रूपये, सुनीता देवी ने 364800 रूपये, छत्रपाल ने 566400 रूपये, संजय ढ़ाली ने 5.30 लाख, प्रीति धीर ने 847500 रूपये, प्रिया बठला ने 21 लाख रूपये, सरोज चौधरी ने 24 लाख, कृष्ण चन्द्र यादव ने 21 लाख, मुक्ता खुराना ने 1722400 रूपये हड़प लेने का आरोप लगाया है। वहीं सुमित, प्रभात शर्मा, दीपक कुमार, भूपराम, अंकित, व सुमित आदि ने भी आरोपी अमित के विरूद्ध रपट दर्ज कराई है।

**बाईक और डंपर की ...** के परखच्चे उड़ गए, और बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को 108 आपातकालीन सेवा के माध्यम से हिमालयन अस्पताल पहुंचाया गया, जहां पर 23 वर्षीय शुभम धुमाल पुत्र मदनलाल डोभाल अथूरवाला डोईवाला को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया और 31 वर्षीय विजेंदर सिंह पुत्र विक्रम सिंह निवासी अथूरवाला डोईवाला का उपचार जारी है। घटनास्थल पर पहुंची रानीपोखरी पुलिस मौका मुआयना कर जांच पड़ताल में जुट गई है।

**पुलिस ने पकड़ी अवैध...** कर दिया। कार्यवाही के दौरान पुलिस ने महुआ डाली थाना बाजपुर निवासी प्रेम सिंह पुत्र लखविंदर सिंह नामक कारोबारी को तत्परता दिखाते दबोच कर उसके कब्जे से 60 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद किया। कार्यवाही के दौरान पुलिस ने मौके से शराब बनाने के उपकरण लोहे की ड्रम, मिट्टी की हांडी,प्लास्टिक पाइप,एलुमिनियम पाइप,प्लास्टिक का डिब्बा, कनस्तर आदि कब्जे में लेते हुए गिरफ्तार शराब कारोबारी का धारा 60(2) आबकारी अधिनियम के अंतर्गत चालान कर अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया।

**समयसीमा में पूर्ण करें...** निर्माण कार्यों की निगरानी कर रहे हैं। मंत्री ने कहा कि सैन्यधाम निर्माण में बजट की कोई कमी नहीं है। मुख्यमंत्री ने भी आश्वस्त किया हुआ है कि बजट की और आवश्यकता पड़ने पर उसे पूरा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि भारतीय सेना में जिन दो सैनिकों बाबा हरभजन सिंह और बाबा जसवंत सिंह की पूजा होती है, उनके मंदिर भी सैन्यधाम परिसर में बनाए जा रहे हैं। जबकि मुख्य गेट देश के प्रथम सीडीएस जनरल बिपिन रावत के नाम से बनाया जा रहा है। उन्होंने भरोसा जताया कि जिस प्रकार देश-विदेश के लोग चारधाम के दर्शन करने को आते हैं, उसी प्रकार लोग सैन्यधाम देखने भी आएंगे। इस दौरान अपर सचिव सीएस धर्मसत्तू, संयुक्त सचिव सुनील सिंह, सैनिक कल्याण निदेशक ब्रिगेडियर अमृतलाल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष दीपक पुंडीर आदि भी मौजूद रहे।

**एसपी सिटी ने किया...**केसी आर्य, बाजार पुलिस चौकी प्रभारी संदीप शर्मा, रम्पुरा चौकी प्रभारी अर्जुन गिरी गोस्वामी, बगवाड़ा चौकी प्रभारी अशोक कांडपाल, एसआई महेश कांडपाल, एसआई जय प्रकाश चन्द्र,एसआई महिला राखी धोनी, एसआई विपुल जोशी,एसआई मोहन चन्द्र जोशी, एसआई हरविंदर कुमार,एसआई दिनेश परिहार, एसआई विकास कुमार, एसआई नेहा राणा, कैलाश चन्द्र, हरीश सनवाल, आनंद कुमार समेत अन्य पुलिस कर्मी मौजूद थे।

**डांसएकेडमी में ...**थी इसी दौरान चेतन पाठक नामक युवक ने उसके साथ छेड़छाड़ करते हुए बदसलूकी करने का प्रयास किया। पुलिस ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए आरोपी के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कर अभियुक्त की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए।

**महिला की मौत के ...** देकर कहा कि उसकी माधुरी सिंह को उसका पति शैलेन्द्र कुमार लम्बे समय से प्रताड़ित कर रहा था अकसर उसके साथ मारपीट की जाती थी होली के दिन भी उसके साथ मारपीट की गयी थी जिस कारण उसने मजबूर होकर छत से कूदकर आत्म हत्या कर ली। पुलिस ने आरोपी शैलेन्द्र सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**घर से टयूशन के लिये..**को गंभीरता से लेते हुए धारा 365 आईपीसी के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर गायब किशोरी का पता लगाना शुरू कर दिया।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# पावन ज्योति लेने मां ज्वाला जी रवाना हुए भक्त

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री सनातन धर्म सभा द्वारा आयोजित 50 वीं मां ज्वाला जी तीर्थ यात्रा का आज मां के





जयघोषों के बीच शुभारंभ हुआ। आज प्रात: श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर से बस द्वारा 52 मां भक्त मां की पावन ज्योति लेने मां ज्वाला जी रवाना हुए। जिन्हें भारी संख्या में मौजूद श्रद्धालुओं द्वारा धार्मिक अनुष्ठानों के साथ विदाई दी गई। बस को समाजसेवी योगराज बत्रा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। तीर्थ यात्रा रूद्रपुर से हरिद्वार पहुंचेंगे। रात्रि विश्राम के बाद मां मनसा देवी, शकुंबरा देवी मंदिर, चंडीगढ़ पंचकुला, नैना देवी, देवी तालाब मंदिर जालंधर होते हुए मां वैष्णो देवी मंदिर, शिव कौड़ी मंदिर जम्मू, चामुण्डा जी, कांगड़ा जी, ज्वाला जी से मां की पावन ज्योति लेकर चिंतपूर्णी जी व हरिद्वार होते हुए 21 मार्च को रूद्रपुर वापिस लौटेगी। यहां पर हजारों भक्तों द्वारा पावन ज्योति का भव्य स्वागत किया जायेगा। पावन ज्योति को श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में धार्मिक अनुष्ठानों के बीच स्थापित किया जायेगा। 22 मार्च से प्रारंभ हो रहे माता के पावन नवरात्र में भक्तजन पावन ज्योति के दर्शन कर सकेंगे। श्रद्धालुओं को रवाना कने के दौरान श्री सनातन धर्म सभा अध्यक्ष महेश बब्बर, सरपरस्त नंद लाल भुड्डी, हरि चंद मिड्ढा, विजय जग्गा,व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा, महामंत्री हरीश अरोरा, राकेश सुखीजा, आनंद कुमार, अमित अरोरा, विजय विरमानी, केवल बत्रा, राजू छाबड़ा, दीपक गुगलानी, राजकुमार सीकरी, रविंद्र चौहान, राजकुमार खनिजों, हरीश सुखीजा, विजय विरमानी, राजन राठौर, मनीष अरोरा, राजकुमार ग्रोवर, मनोज मुंजाल, विजय सुखीजा, गुरमीत सिंह, बबलू पाल, भूरा पाल, राकेश राजदेव, कर्मचंद राजदेव, शशि अरोरा, सीमा दूनेजा, सीमा राजदेव, आकांक्षा अनेजा सहित अनेकों गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## कायस्थ समाज एकजुट होकर तय करें भविष्य की दिशा व दशा:योगेंद्र नाथ

काशीपुर/बाजपुर। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा पंजीकृत दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सुप्रीम



कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता योगेंद्र नाथ श्रीवास्तव ने प्रेस को जारी बयानों में कायस्थ समाज से एकजुटता की अपील की है।इन दिनों वह उत्तराखंड के दौरे पर है। उक्त बातें उन्होंने सड़क मार्ग से होकर नैनीताल जाते हुए बाजपुर के एक होटल में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत करते हुए कही। उन्होंने कहा कि देश व विदेश तक के कायस्थ परिवार अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की तेजी से बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए संगठन से लगातार जुड़ रहे हैं ऐसे में उत्तराखंड के विभिन्न हिस्सों में रहने वाले कायस्थ परिवारों को भी अखिल भारतीय कायस्थ महासभा का हिस्सा बनना चाहिए। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने प्रेस को दिए बयानों में यह कहा कि भविष्य में जरूरतमंद कायस्थ परिवारों की कन्याओं के विवाह के अलावा शिक्षा व रोजगार के साधन मुहैया कराना संगठन की पहली प्राथमिकता होगी। संगठन इसके लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की स्थापना के बाद से अब तक कायस्थ समाज के हजारों परिवारों को एक मंच पर लाने का काम किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि एशिया की सबसे बड़ी ट्रस्ट केपी ट्रस्ट में समाज के जो लोग मेंबरशिप नहीं ले पाए हैं उन्हें अति शीघ्र चिन्हित कर ट्रस्ट से जोड़ने का काम किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा पंजीकृत दिल्ली उत्तराखंड के कायस्थ परिवारों के हितार्थ शिक्षा से संबंधित योजना को धरातल पर उतारने का काम करेगी। वार्ता के दौरान अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव के अलावा प्रदेश महामंत्री एवं वरिष्ठ पत्रकार कमल श्रीवास्तव भी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## नवनियुक्त दंत चिकित्सक का किया स्वागत

गदरपुर(उद संवाददाता)। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में काफी लम्बे समय से शेष चिकित्सकों की नियुक्ति किये जाने की मांग की जा रही थी। प्रदेश की सरकार के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस समस्या का समाधान करते हुए डेन्टल सर्जन चिकित्सक के रुप में डा. शालिनी कपूर की नियुक्ति की है। जिससे अब क्षेत्र के लोगों को काफी लाभ पहुंचेगा। इस सम्बंध डा. शालिनी कपूर से मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली गयी तो उन्होंने बताया कि जैसे-जैसे दंत चिकित्सा से संबंधित सामान आता जायेगा। माह अप्रैल तक उम्मीद है बाकी सामान आ जायेगा जिससे दॉतों से संबधित सभी बीमारियों का ईलाज हो सकेगा। उन्होंने लोगों से अपने दॉतों को सुरक्षित रखने के लिए सुबह-शाम दॉतों को साफ करने की बात कही स उनका कहना था कि देखा जाता है कि बच्चों के दॉत जल्दी खराब होने लगते है इसका मुख्य कारण है कि आजकल बच्चे जंक फूट का अधिक प्रयोग करते है। उनका कहना है कि जितना नेचुरल खायेंगे उतने दॉत सही रहेंगे। उनका कहना था कि करीब हर छह माह बाद अपने दॉतों का चौकअप



करवान चाहिए और नियमित रुप कम से कम दो बार दांतों में ब्रश अवश्य करें। वहीं इस सम्बंध में अनुभवी चिकित्सा प्रभारी डा. अंजनी कुमार ने कहा कि गदरपुर सीएचसी में पहली बार डेंटल चिकित्सक की नियुक्ति की गयी है इससे अब लोगों को काफी लाभ पहुंचेगा। वहीं डेंटल चिकित्सक की नियुक्ति होने पर गदरपुर प्रेस क्बल अध्यक्ष जयकिशन अरोरा के नेतृत्व में मिष्ठान एसोसिएशन राकेश गुम्बर द्वारा डेंटल चिकित्सक शालिनी कपूर को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया। इस मौके पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. संजीव सरना, अमरजीत सिंह, महेन्द्र सिंह, राकेश गुंबर आदि थे।

## बॉबी पंवार ने विस अध्यक्ष से की मुलाकात

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड बेरोजगार संघ के प्रदेश अध्यक्ष बॉबी पंवार के युवाओं के एक शिष्टमंडल ने शुक्रवार को विधानसभा अध्यक्ष श्रीमती ऋतु खंडूड़ी से उनके यमुना कॉलोनी स्थित आवास पर मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने विधानसभा में अवैध नियुक्तियों पर कड़े एवं राज्य के लाखों युवाओं के हित में लिए गए निर्णय के लिए सर्वप्रथम उनको समस्त युवाओं, अभिभावकों की ओर से बधाई दी । साथ ही इस दौरान भराड़ीसैंण,गैरसैंण में होने वाले विधानसभा सत्र के सदन में भर्ती घोटालों से संबंधित लगे प्रश्नों को अतिरिक्त समय प्रदान करने का निवेदन किया। भविष्य में विधानसभा के भीतर



होने वाली भर्तियों पर सीधी भर्ती के माध्यम से पूर्ण पारदर्शिता के साथ चयन प्रक्रिया की बात की, जिस पर उन्होंने सहमति जताई । साथ ही प्रदेश में चल रहे अन्य घटनाक्रमों पर भी विस्तार से एक सकारात्मक चर्चा हुई।।

## फर्जी लोन दस्तावेज जारी करने पर तीन राजस्व उपनिरीक्षकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

बागेश्वर(उद संवाददाता)। न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट गरुड़ विवेक शर्मा ने सचिव एवं अध्यक्ष साधन सहकारी समिति गरुड़, डंगोली, पिंगलो, राजस्व उपनिरीक्षक गरुड़, डंगोली और पिंगलों के विरुद्ध मामला दर्ज करने के आदेश बैजनाथ थानाध्यक्ष को दिए हैं। थानाध्यक्ष ने विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर दिया है।अधिवक्ता पंकज धपोला ने बताया कि रीठा, कंधार निवासी गोपाल वनवासी पुत्र नंदन राम ने प्रस्तावित आरोपितों के विरुद्ध जिलाधिकारी को पत्र लिखा। सूचना दी गई कि फर्जी दस्तावेज बनाकर सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया है।जिलाधिकारी ने मुख्य कृषि अधिकारी को मामले में जांच अधिकारी नियुक्त किया। जांच के उपरांत तथ्य सामने आया कि आरोपितों को साधन सहकारी समितियों ने लोक प्रयोजन के संबंध में धनराशि दी।जिसे आरोपितों ने राजकोष में जमा नहीं किया।जिसके संबंध में बीते 23 दिसंबर को प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने के लिए बैजनाथ थाने को पत्र दिया गया। कोई कार्रवाई नहीं होने पर पुन: दो जनवरी 2023 को पुलिस अधीक्षक को पत्र सौंपा गया। उसके बाद न्यायालय के समक्ष प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया। प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने की याचना की गई। अब न्यायालय ने आरोपितों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने के आदेश पारित किए। थानाध्यक्ष बैजनाथ केएस बिष्ट ने बताया कि धारा 420, 467, 468, 471 और 120 बी में मुकदमा पंजीकृत कर दिया है। जिसकी विवेचना की जा रही है। वही मामले में जांच और विवेचना अधिकारी जांच कर अब अपनी रिपोर्ट न्यायालय में प्रस्तुत करेंगे, ऐसे में मामले में यदि राजस्व उपनिरीक्षकों द्वारा किसी भी प्रकार की गलती पाई जाएगी तो मामले में उन पर बड़ी कार्रवाई भी हो सकती है।

## भाजपा नेता को पीटने वाले पिता-पुत्र गिरफ्तार

गदरपुर(उद संवाददाता)। पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए भाजपा नेता को पीटने वाले पिता-पुत्रों को गैंगस्टर की कार्यवाही के बाद गिरफ्तार किया है। आरोपी दो दिन पूर्व हाईकोर्ट से



जमानत पर घर आये थे। गदरपुर पुलिस द्वारा उक्त के अपराधिक इतिहास को खंगालते हुए जिलाधिकारी को गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही के लिए लिखा गया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधम सिंह नगर द्वारा आपराधिक कार्यो में लगे अभियुक्तों के विरूद्ध वैधानिक कार्यावाही किये जाने तथा उनकी गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्यवाही करते हुए पुलिस अधीक्षक काशीपुर के निर्देशानुसार, क्षेत्राधिकारी बाजपुर के पर्यवेक्षण व थानाध्यक्ष थाना गदरपुर के नेतृत्व मे नामजद अभियुक्तगण अशफाक हुसैन पुत्र मुस्ताक हुसैन निवासी ग्राम पत्थरकुँई, शाहबाज पुत्र अशफाक हुसैन निवासी उपरोक्त तथा जाहबाज पुत्र अशफाक हुसैन निवासी उपरोक्त को मुखबिर की सूचना पर उनके घर से गिरफ्तार किया गया । अभियुक्तगणो के विरूद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। टीम में थानाध्यक्ष राजेश पाण्डेय, थानाध्यक्ष थाना केलाखेडा ललित मोहन, एसआई ओमप्रकाश, महेश चन्द्र, राकेश कठायत, भूपेन्द्र सिह रसवाल, हे.क. कृष्ण कुमार नारायण रावल, कानि. दीपक जोशी,कुन्दन सिह, जीवन चन्द्र फुलारा,मोहन बोरा,मोहन चन्द्र भटट, म. कानि. ललिता कोरंगा एवं जानकी बुढलाकोटी शामिल थे।

## धामी सरकार में कानून व्यवस्था सख्त:गुंजन

गदरपुर (उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने धामी सरकार द्वारा लगातार अपराध नियंत्रण को देखते हुए बयान जारी किया है।जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने कहा प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा जिस प्रकार अपराध नियंत्रण को लेकर कदम उठाए जा रहे है उसकी प्रशंसा शब्दो मे व्यक्त नही की जा सकती।उन्होंने कहा पुलिस प्रशासन को धामी सरकार द्वारा मजबूत सख्त कानूनी कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि अपराधों पर नियंत्रण के लिए राज्य सरकार सख्त है। किसी भी दशा में अपराधियों को न छोड़ा जाए जिसके फलस्वरूप उधम सिंह नगर में हिस्ट्रीशीटर व अपराधिक गतिविधियों को बढ़ावा देने वाले बदमाशों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्यवाही को भी अमल में लाया गया है उन्होंने कहा अभी कुछ समय पूर्व ही उधम सिंह नगर के गदरपुर में कुछ वरिष्ठ व्यापारियों के ऊपर बदमाशों द्वारा जानलेवा हमला किया गया था जिसको लेकर प्रशासन द्वारा अपराधिक व्यक्तियों पर गैंगस्टर की कार्यवाही की



गई है जिस पर वह प्रशासन द्वारा की गई कार्यवाही की सराहना करते है।उन्होंने कहा अपराधों पर अंकुश लगाना बहुत जरूरी है जिससे व्यापारी वर्ग से लेकर एक आम जनमानस भी आधी रात में भी अपने आप को सुरक्षित महसूस करें मातृशक्ति बिना किसी डर को महसूस किए अपनी नौकरियों को कर सके और धामी सरकार उत्तराखंड में ऐसी ही सरकार को अमल में ला रही है जिससे भविष्य में रामराज्य स्थापित हो सके उन्होंने कहा प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में अवश्य ही राम राज्य स्थापित होगा। जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में शासकीय कार्यप्रणाली के साथ ही विभिन्न स्तरों पर होने वाले भ्रष्टाचार एवं गलत कार्य करने वालो को सलाखों के पीछे डालने का काम किया है। उन्होंने कहा है कि देवभूमि उत्तराखंड भ्रष्टाचार और अपराध मुक्त हो यह हम सबका नैतिक दायित्व भी है। उन्होंने कहा कि आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में सरलीकरण, समाधान, निस्तारण एवं संतुष्टि के मूल मंत्र को हमने आत्मसात किया है।